भाद्रपद कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 59 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 अगस्त 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

कोलकाता रेप व मर्डर केस

## नेशनल टास्क फोर्स का गठन, दो दिन में सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट तलब

# देरी-लापरवाही व कवरअप, सुप्रीम कोर्ट ने जमकर लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पिछले दिनों कोलकाता मेडिकल कालेज में महिला डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के बाद से पूरा देश उबल रहा है। लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। इसकी गंभीरता देखते हुए सुप्रीम कोर्ट भी आज तत्काल सुनवाई कर रहा है। इधर, बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी आज दिल्ली पहुंच गए हैं। वे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस दौरान पुलिस व अन्य पक्षों पर सवालों की बौछार कर दी। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह गुरुवार तक स्टेटस फाइल करे। छानबीन का स्टेज बताने को भी कहा गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम रिपोर्ट देखना चाहते हैं, नेशनल टास्क फोर्स बनाएंगे जो सेफ्टी, वर्किंग कंडिशन आदि के बारे में बताएगा। इसके बाद इस घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हम पर ट्रस्ट करें और सभी डॉक्टरों को अपना विरोध प्रदर्शन आंदोलन भी वापस लें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर राज्य पुलिस संजीदगी से काम ले।

### सरकार और पुलिस से सवाल

कोलकाता सरकार की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने पुलिस पर सवालों की बौछार की और पूछा कि क्या पैरेंट्स को लड़की से चार घंटे नहीं मिलने दिया गया? सिब्बल ने कहा कि यह तथ्य ठीक नहीं है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या शुरुआत में मर्डर केस दर्ज नहीं किया गया? कॉलेज के प्रिंसिपल उस समय क्या कर रहे थे? उन्होंने एक्शन क्यों नहीं लिया? चीफ जस्टिस ने अस्पताल में भारी भीड़ घुसने पर भी सवाल किया कि जब अस्पताल में मॉब पहुंचा तो पुलिस क्या रह रही थी? पुलिस ने क्राइम सीन को क्यों प्रोटेक्ट नहीं किया? मॉब को अंदर कैसे जाने दिया गया? प्रिंसिपल के इस्तीफा देने पर क्या उन्हें कहीं और नियुक्त किया गया? हैरानी की बात यह रही कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच की ओर से पूछे गए ।





### सिब्बल ने कहा-जो आदेश होगा उसका पालन होगा



**कोलकाता रेप मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि लड़की के साथ जानवर से बदतर सलूक किया गया। इसपर कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस ने पूछा कि प्रिंसिपल पर क्या किया जाए? सिब्बल ने कहा कि जो आदेश दिया जाएगा वह पालन होगा।**

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणियां

- सीजेआई ने कहा कि हमने स्वतः संज्ञान इसलिए लिया है क्योंकि रेप-हत्या के अलावा यह देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर भी है।
- हर बार बलात्कार और हत्या होने पर देश की अंतरात्मा नहीं जागनी चाहिए।
- यह केवल भयावह घटना नहीं बल्कि पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा कमियां उजागर करती है।
- अगर महिलाएं काम पर नहीं जा सकतीं और सुरक्षित नहीं रह सकतीं तो हम उन्हें बुनियादी समानता से वंचित कर रहे हैं.
- पीड़िता की पहचान उजागर होना बेहद चिंताजनक है.
- प्रिंसिपल ने इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की, माता-पिता को शव देखने की इजाजत नहीं !
- वह सिर्फ हत्यारा नहीं बल्कि एक विकृत व्यक्ति है।

मप्र कैबिनेट की बैठक आज

# कुछ समय के लिए खुलने वाला है तबादलों से बैन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज शाम हो रही है। मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में अनेक नीतिगत विषय कैबिनेट के विचारार्थ रखे जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस बैठक में राजस्व से जुड़े प्रकरणों के निराकरण के लिए साइबर तहसील का विस्तार सभी विकास खंडों में करने के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा प्रदेश में संचालित महिला सशक्तिकरण की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य और जिला स्तर पर नए पद सृजित करने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। कैबिनेट बैठक में नर्मदा नदी से जुड़ी सिंचाई परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति के साथ ही 2024-25 की तबादला नीति पर भी विचार किया जा सकता है। नई तबादला नीति को कैबिनेट की मंजूरी के बाद सीमित समय के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटाने के आसार हैं। चुनाव के चलते तबादला सीजन में कई विभाग तबादले नहीं कर सके थे। इसके अलावा, मप्र नगरपालिका अधिनियम में संशोधन प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल सकती है।



# मिशन पर मोदी: पहली यूक्रेन यात्रा के गहरे निहितार्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे. वे 23 अगस्त को यूक्रेन राजधानी कीव पहुंचेंगे और करीब सात घंटे तक वहां रहेंगे। मोदी 21 और 22 अगस्त को पोलैंड के दौरे पर रहेंगे। उसके बाद ट्रेन से 10 घंटे का सफर तय करेंगे और कीव पहुंचेंगे। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने के बाद 30 से ज्यादा वर्षों में यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। लिहाजा इस यात्रा के कई गहरे अर्थ लगाये जा रहे हैं। इससे पहले हाल में मोदी ने रूस का दौरा किया था। यूक्रेन और रूस के बीच करीब ढाई साल से युद्ध चल रहा है।



# राहुल ने भीगते हुए पिता राजीव को दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती है। इस अवसर पर उनके बेटे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के वीरभूमि पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिल्ली में सुबह से बारिश के चलते राहुल को भी अपने पिता के समाधि स्थल पहुंचने में परेशानी हुई। इस दौरान उनके साथ राबर्ट वाड्रा, उनके सुपुत्र और बाकी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी पूर्व पीएम को उनकी जयंती पर नमन किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने भी अपने एक्स हैंडल से राजीव गांधी को याद किया।

## दिग्विजय कोरोना पॉजिटिव, पांच दिन क्वारेंटाइन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस नेता व सांसद दिग्विजय सिंह की कोरोना पीडित हो गये हैं। उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने 'एक्स' अकाउंट पर आज दी। दिग्विजय ने लिखा, 'मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। मुझे 5 दिनों तक आराम करने के लिए कहा गया है। इसलिए मैं कुछ समय किसी से नहीं मिल पाउंगा। सिंह कल तक सक्रिय रहे थे वे सागर में एक दलित परिवार के घर राखी बंधवाने पहुंचे थे।



# छतरपुर में दर्दनाक सड़क हादसा बागेश्वर धाम जा रहे 7 की मौत





**छतरपुर, एजेंसी।**

आज सुबह यहां एक दर्दनाक हादसा में सात लोगों की मौत हो गई है जबकि कई गंभीर हैं। हालांकि पांच लोगों को बचाने की मशक्कत छतरपुर के अस्पताल में जारी है। ये सभी लोग बागेश्वर धाम के दर्शन करने निकले थे। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक सभी श्रद्धालु फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। छतरपुर के समीप नेशनल हाईवे 39 पर ये भीषण हादसा हुआ। छतरपुर रेलवे स्टेशन पर ये लोग उतरे और एक ऑटो किराये पर लेकर बागेश्वर धाम यानी गढ़ा गांव की ओर निकले थे। सुबह करीब 5 बजे अचानक इनका ऑटो आगे चल रहे ट्रक से पीछे टकरा गया। हादसा इतना भयावह था कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जो घायल थे वे भी बेसुध हो गए।

## कश्मीर में भूकंप के दो झटके



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला में लोगों ने सुबह-सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये हैं। सीसमोलॉजी सेंटर के अनुसार बारामूला में दो बार भूकंप आया है। जहां पहले भूकंप की तीव्रता 4.9 रही। वहीं, दूसरे भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई है। इससे जानमाल की क्षति की सूचना नहीं है।

## *खान सर* भी करेंगे राजनीति!

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे वक्त में चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की नई पार्टी 'जन सुराज' की चर्चा जोरों पर है। प्रशांत किशोर का दावा है कि उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जनसुराज में कई क्षेत्रों के लोग जुड़ रहे हैं, जैसे रिटायर्ड आईएएस अफसर, डॉक्टर, प्रोफेसर और समाजसेवी। इस बीच बिहार के मशहूर शिक्षक खान सर का नाम भी जनसुराज से जुड रहा है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें खान सर, प्रशांत किशोर की तारीफ करते दिख रहे हैं और कह रहे हैं कि प्रशांत किशोर चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, और नए-नए विचारों पर काम कर रहे हैं।उनके शब्दों से साफ है कि वो प्रशांत किशोर के राजनीतिक विचारों से प्रभावित हैं। यह वीडियो जन सुराज के आधिकारिक -हैंडल से शेयर किया गया है।



मेट्रो एंकर

## 12 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट, सरकार खुद बनवाएगी खाना ताकि बच्चों को गरमागरम मिले

# आंगनबाड़ी में समूह के खाने को सरकार की ना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के 12 जिलों की 3290 आंगनबाड़ियों में सरकार ने समूह द्वारा परोसे जाने वाले खाने को ना कह दिया है। अब इन आंगनवाड़ी केंद्रों में सरकार खुद खाना बनाएगी और बच्चों को गरमागरम परोसा जाएगा। 15 अगस्त से इन जिलों में शुरुआत की गई है, अभी यह पायलट प्रोजेक्ट है। इसके सफल होने के बाद संभवत पूरे प्रदेश में इस व्यवस्था को प्रभावी किया जा सकता है। अभी प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में स्व सहायता समूह द्वारा पके हुए भोजन की आपूर्ति होती है जिसमें कई खामियां सामने आई है। इसे ही देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है। हालांकि दतिया और मुरैना समेत कुछ जिलों के स्व सहायता समूह ने इसका विरोध भी शुरू कर दिया है।


इन जिलों में पायलट प्रोजेक्ट- झाबुआ के पेटलावद परियोजना की 639 आंगनबाड़ी, बड़वानी के पाटी परियोजना की 193, उज्जैन के घटिया परियोजना की 152, शिवपुरी जिले की पूरी परियोजना की 332, दतिया की दतिया ग्रामीण परियोजना की 175, मुरैना के सबलगढ़ परियोजना की 265, डिंडोरी के मेंहदवानी परियोजना की 227, बैतूल के भीमपुर परियोजना की 315, रायसेन के गैरतगंज की 195, सीधी के कुसमी परियोजना की 332, अनूपपुर के जैतपुर की 274, पन्ना के अजयगढ़ की 290 आंगनबाड़ियों में यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इनमें से कई आंगनबाड़ियों में भोजन पका कर देने की शुरुआत की जा चुकी है।



### पुरानी व्यवस्था बहाल करने की वजह

खाना पहुंचने में कई बार समय लग जाता है। आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बच्चे परेशान होते हैं। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक आंगनवाड़ी से जुड़े क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी खाना पकाने की प्रक्रिया के अवलोकन का अवसर नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से गुणवत्ता नहीं देखी जा रही है। कई बार स्थानीय व क्षेत्रीय कार्यक्रमों के चलते शत-प्रतिशत बच्चे आंगनबाड़ी नहीं आते, जिसके कारण बच जाता है और बेकार जाता है। जिसके कारण शासन को नुकसान पहुंचता है। हालांकि थोक में बनाए जा रहे खाने को लेकर दावा है कि बच्चों को गरमा-गरम परोसा जा रहा है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक सरकार के संज्ञान में आया है कि थोक में खाना बनने, उसकी पैकिंग होने, फिर ट्रांसपोर्टिंग में समय लगने, आंगनवाड़ी स्कूलों तक पहुंचने और वहां फिर खोले जाने व बच्चों को परोसने तक की प्रक्रिया में खाना ठंडा हो जाता है। जिसे कई बच्चे खाने में रुचि नहीं ले रहे।

आज का कार्टून



## राजधानी में मानसून की लंबी छुट्टी से बैचेनी बढ़ी, आज थोड़ी उम्मीद बंधी



# तब पानी से परेशान थे अब पानी के लिए हैं परेशान!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी को अब बारिश की झडी का बेसब्री से इंतजार है। जबकि एक पखवाडे पहले लोग बारिश से पीछा छुड़ाने की मुद्रा में थे। आज थोड़ी देर की बरसात से उम्मीदें बंधी हैं। फिलहाल आलम यह है कि करीब दस दिन से बारिश पूरी तरह थम गई है। बीते सात दिन में तो सिर्फ एक मिमी बारिश ही हुई है। यानि करीब आठ नौ दिन तो ऐसे रहे कि एक पानी ही नहीं बरसा। बारिश नहीं होने से गर्मी का असर बढ़ गया है और दिन का टेम्प्रेचर 33 डिग्री के पार पहुंच रहा है और लोग उमस से बैचेन हैं। राखी के दिन ही सोमवार को दिन का तापमान 33.3 डिग्री पहुंच गया। यह अगस्त में सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर रहा। इसके चलते त्यौहार पर भी लोग पसीना पसीना होते नजर आ रहे थे। हालांकि बारिश न होने से लोगों को अपने रिश्तेदारों या सैर सपाटे के लिये मौका भी मिला लेकिन गर्मी व उमस ने पूरा आनंद भी नहीं दिया। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त में भोपाल में 13 इंच बारिश होने का ट्रेंड है, लेकिन इस बार अब तक 9.8 इंच पानी ही बरसा है। हालांकि अब तक के मान से देखे तो भोपाल में अब तक 33 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है, जो सीजन की करीब 90 प्रतिशत तक है, लेकिन अगस्त में मानसून की बेरुखी भी देखने को मिली है। शुरुआती 4 दिन तक भोपाल में अच्छी बारिश हुई, लेकिन इसके बाद हल्की बारिश का दौर ही चला। इस कारण अगस्त तक कोटा भी फुल नहीं हो सका है। वैसे तो भोपाल में अगस्त के महीने में एवरेज 14 दिन बारिश होने का ट्रेंड है। इस महीने 13 इंच पानी बरसता है।

### सभी डैम फुल

बारिश न होने के बावूजद भोपाल के सभी डैम में खूब पानी है और अब तक सभी के गेट भी खुल चुके हैं। कलियासोत डैम के सभी 13 गेट खोले जा चुके हैं। कोलार डैम के 8 में से 4 गेट खुले हैं। भदभदा और केरवा डैम के गेट भी खोले गए थे। बारिश थमने के बाद गेट बंद कर दिए गए। पिछले 10 दिनों से गेट बंद है।

### 106% बारिश का अनुमान

भोपाल में इस साल सामान्य से 106त्न बारिश होने का अनुमान है। पिछली बार 18त्न कम यानी, 82 प्रतिशत (30.9 इंच) बारिश हुई थी, जबकि भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। पिछले साल की बारिश का आंकड़ा पार हो गया है।

डॉक्टरों की सुरक्षा के नये इंतजाम

# अब हमीदिया में एंट्री के लिये जरूरी है रेड कार्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में देशभर के डाक्टर्स नाराज हैं और विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के हमीदिया अस्पताल में भी सुरक्षा व्यवस्था कसी जा रही है क्योंकि भोपाल में भी जूनियर डाक्टरों द्वारा अपनी सुरक्षा की मांग की जा रही है। इसे देखते हुए राजधानी के हमीदिया अस्पताल प्रबंधन ने महिला डाक्टर व अन्य स्टाफ की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के तहत रेड एंट्री कार्ड व्यवस्था लागू कर दी है। यह शाम सात से सुबह सात बजे तक के लिए रहेगी।

बताया जाता है कि इस कार्ड के आधार पर ही मरीजों के अटेंडेंट को परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है।इसके अलावा अस्पताल में चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ को भी आईडी कार्ड दिखाने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसमें उन स्थानों को भी चिह्नित किया जा रहा है जो अभी कैमरे की पहुंच में नहीं है। इसके लिए हमीदिया अस्पताल ने प्रस्ताव बनाकर शासन




को भेज दिया है। अस्पताल प्रबंधन ने प्रत्येक तल पर डाक्टर के ड्यूटी रूम के पास एक महिला एवं एक पुरुष सुरक्षाकर्मी को पदस्थ कर दिया है। इसकी मानिटरिंग भी की जा रही है। गौरतलब है कि हमीदिया अस्पताल में लगभग 400 महिला डाक्टर हैं। इसमें 250 जूनियर और 150 सीनियर हैं। अस्पताल में राउंड के लिए रोजाना रोस्टर बनाकर ड्यूटी लगाई जाती है। इसमें महिला डाक्टर भी होती हैं, जिनकी ड्यूटी रात में लगती है। अस्पताल परिसर में कई बार तनाव या झडपों की नौबत आती रही है।

## वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया




**भोपाल।** शाहजहानाबाद आसरा वृद्धजन आश्रम में फोटो जर्नलिस्ट वेलफेयर समिति द्वारा वृद्धजनों के साथ मिलकर फोटो जर्नलिस्ट द्वारा केक काटकर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ने फोटो जर्नलिस्ट फोटोग्राफरों को वर्ल्ड फोटोग्राफी की बधाई दी । इस मौकें पर फोटो जर्नलिस्ट भूपेंद्र सिंह, एएन चौकसे शिवनारायण मीणा विनोद सूर्यवंशी जसप्रीत सिंह मनिंदर सिंह गुरु अमृतपाल सिंह आकाश दुबे अरुण पिल्ले राजेश कनाई राकेश सैनी तबरेज खान मौजूद थे।



भोपाल। रक्षाबंधन पर केंद्रीय जेल में कैदी भाइयों को राखी बांधती बहनें।

## भाई बहन के प्यार का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व: गेहानी

**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, मां सरस्वती व संतजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग मानते हैं,। यह प्यार का पवित्र बंधन हैं, इस पर्व के महत्व को समझकर रक्षासूत्र का सम्मान करना चाहिए। रक्षाबंधन पर्व पर बहनें संकल्प लें है कि जिस तरह वे भाई उनकी रक्षा करता है, वैसे ही दूसरी लड़कियों की भी रक्षा करेंगी। बहनें अपने भाइयों के सामने अनुचित मांग नहीं रखें, अपने हाथों से बनाई हुई राखी अपने भाई को पहनाएं और घर की बनी हुई मिठाई भाई को खिलाएं। सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी कहा त्योहार मनाने का एक ही उद्देश्य है कि हमें पर्वों की जानकारी मिल सकें।

## भोपाल के सभी विस क्षेत्रों में हो निराश्रित जीवों के आसरा केंद्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री राधा कृष्णा गौ सेवा सोसायटी ने भोपाल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निराश्रित गौ वंश के लिए आसरा केन्द्र बनाए जाने की मांग की है। बता दे गौ सेवा क्षेत्र में कई वर्षों से काम कर रही है। समिति द्वारा घायल बीमार को अस्पताल पहुंचाना अपने सेवा केंद्र पर रखकर उपचार करना एवं गौ सेवाओं के क्षेत्र में अन्य कई प्रकार के गौ रक्षण एवं गौ संवर्धन के अभियान चलाए जाते हैं।

सोसायटी के अध्यक्ष जीतू कटारिया ने कहा है कि भोपाल के एक मात्र निराश्रित गौवंश एवं मूक जीवों के उपचार केंद्र आसरा केंद्र की हालत इतनी खराब है कि यह केन्द्र अब पूरे भोपाल जिले की स्थिति नहीं संभाल सकता, वहां बीमार लावारिस गाय भी लेना बंद कर दिया गया है, भोपाल जिले के रोड पर घूम रहे निराश्रित गौवंश एवं मूक जीवों के स्वस्थ सुरक्षा को देखते हुए सोसाइटी में निर्णय लिया है कि वह सभी विधानसभा केविधायकों से अपने-अपने विधानसभा में एक आसरा केंद्र खोलने की मांग करेगा ताकि सभी विधाानसभा में घूम रहे निराश्रित गौवंश एवं मूक जीवो को उपचार हेतु उचित सुविधा, व्यवस्था मिल सके।

## स्वच्छता बहनों से बंधवायी विधायक रामेश्वर ने राखी

### हुजूर में वृहद रक्षा बंधन कार्यक्रम 22 से 27 तक



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्वच्छता बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। युवा सदन पर हुजूर की सैकड़ों स्वच्छतासेवी बहनों ने पहुँचकर विधायक को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रवींद्र यति, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, सुनीता गुड्डू भदौरिया, भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष राम बंसल, वीरेंद्र मारण गोलू सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। बता दे 22 से 27 अगस्त तक हुजूर विधानसभा में वृहद रक्षा बंधन मनेगा। बता दें कि प्रतिवर्ष इस रक्षाबंधन उत्सव के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा को हज़ारों बहने राखी बांधती हैं। विगत अनेक वर्षों से यह आयोजन हुजूर विधानसभा के पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किया जाता है।

## तीज महोत्सव में सावन के गीतों पर थिरकी महिलाएं




**हिरदाराम नगर।** भारतीय सिंधु सभा लेडीज़ विंग ने प्री- रखी एवं तीज महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी महिलाएं ट्रैडिशनल परिधान में नज़र आईं। सावन के गीतों और ढोल की धुनों पर धमाल मचाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने लाइव म्यूजिक, तंबोला, फैशन शो, रैंप वॉक, तंबोला, म्यूजिकल चेयर सहित कई प्रकार के ग़ेम्स खेल कर खूब इंजॉय किया और जमकर डांस किया। साथ ही इस महोत्सव में महिलाओं को अनेक उपहार भी दिये गये। साथ ही महिलाओं ने जमकर सेल्फी ली। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सिंधु सभा महिला विंग की राष्ट्रीय मंत्री कविता इसरानी एवं प्रदेश अध्यक्ष माया पंजवानी एवं सीमा सबनानी ने भगवान झुलेलाल जी तस्वीर पर द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस इवेंट को आर्गनिस्ड रवि आनंद द्वारा किया गया था।

**मेट्रो एंकर**

मंदिर में सात दशक से चल पाकिस्तान से लाई अखंड ज्योति

# झूलेलाल मंदिर में समाजसेवियों का सम्मान, महाआरती

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गांधीनगर में भगवान झूलेलालजी में चल रहे चालीहा महोत्सव में महाआरती एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। सभी की खुशहाली के पल्लव एवं सुखो सेसा का वितरण हुआ।

महाआरती में सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी के अलावा गांधीनगर के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश हिंगोरानी एवं भोजपुरी समाज के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा का उनकी उल्लेखनीय समाज सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। समाजसेवी खूबचंद भागचंदानी एवं अशोक प्रेमानी ने समाजसेवियों का सम्मान किया।

**10 साल से चालीहा महोत्सव:** गांधीनगर स्थित झूलेलाल मार्केट के इस झूलेलालन मंदिर में पिछले 10 सालों से 16 जुलाई से 24 अगस्त तक झूलेलाल चालीहा मनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन आरती, भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। बीते साल से यहां प्रतिदिन 40 दिन तक आरती के बाद भंडारा होता है, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हो रहे हैं।



### यह रहे मौजूद

वहीं कार्यक्रम में अशोक भागचंदानी, महेश सडाना, राजकुमार भागचंदानी, किशन रेलवानी, राजा संभानी, रवि चंदानी, मनीष वरलानी व सिंधी समाज के विशिष्ठजन मौजूद रहे। पुजारी काका भगवानदास ने आरती एवं पूजा पाठ करवाया।

### सात दशक से जल रही अखंड ज्योति

विभाजन के समय यहां 1948 से लेकर 1955 तक सिंधी हिन्दुओं के आने का सिलसिला जारी था। 1954 में पाकिस्तान के सख्र स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में जलने वाली अखण्ड ज्योति को मंदिर के व्यवस्थापक सोभराजमल अपने साथ यहां लाए थे। तब से यह ज्योति जल रही है एक दिन भी नहीं बुझी।

**खूबचंद भागचंदानी,**
समाज सेवी

## रक्षा सूत्र बंधवाकर भाइयों ने उपहार व शस्त्र किए भेंट

**हिरदाराम नगर।** गुरु नानक मंडल ने रक्षाबंधन पर अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 21 बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाकर उन्हें शस्त्र भेंट किए। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा नारी तुम नारायणी हो, शिवा हो, जगदंबा हो, दुर्गा हो, तुम को काल क्या डराएगा, तुम तो एक वीरांगना हो लक्ष्मीबाई हो।





कोलकाता में पोस्ट ग्रेजुएट अध्यनरत डॉक्टर के साथ हुई घटना से सर्व समाज में रोष और आक्रोश है। ऐसे में आत्मरक्षा हेतु विदर्भियों से सामना करने हेतु शस्त्रों का ज्ञान होना आवश्यक है। शीघ्र ही बालिकाओं को शस्त्र चलाने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था मंडल और दुर्गा वहिनी से निवेदन कर की जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भगवान दास ढालिया ने सनातन संस्कृति में मातृशक्ति के द्वारा शास्त्र और शास्त्र के ज्ञान को आवश्यक बताया। राजकुमारी डागोर, मुकेश सोलंकी, सुकांति ठकुरिया सहित बेटियां उपस्थित थी।

## पांच औद्योगिक सम्मेलनों में 2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, धरातल पर उतरें तो प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख

# निवेश से विकास की आस रोजगार के मौके होंगे खास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के तौर पर घोषित किया है। इससे पहले हर विभाग निवेश जुटाने में लगा हुआ है। प्रदेश में दो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और अन्य राज्यों में तीन इंटरेक्टिव सेशन में दो लाख तीन हजार 675 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। यदि यह धरातल पर उतरते हैं तो प्रदेश में जल्द ही अलग तरह के उद्योग नजर आएंगे। इनमें से कई उद्योग ऐसे हैं जो पहली बार प्रदेश में खुलेंगे और इससे प्रदेश की प्रगति को पंख लगेंगे। एक तरफ जहां यहां डेटा सेंटर और सेमी कंडक्टर उद्योग की राह खुल रही है तो वहीं एक्सीलेंस सेंटर और स्टार्टअप हब भी बनेगा। अभी हीरा सहित अन्य खनिज देने वाली प्रदेश की धरती जल्द सोना उगलना भी शुरू करेगी। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को मध्यप्रदेश में अपनी ब्रांच खोलने का आमंत्रण दिया गया है। उद्योगों को नई ऊंचाइयां



मिलने के साथ ही प्रदेश में लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी मुहैया होंगे, लेकिन जानकारों का कहना है कि इसके लिए प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास भी जरूरी है, तभी औद्योगिक वातावरण बन पाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं मुंबई, कोयम्बत्तूर और बेंगलूरु में उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा कर चुके हैं। इसके नतीजे भी बड़ी संख्या में उद्योगोंके निवेश प्रस्ताव के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

## सेमी कंडक्टर उद्योग से खुलेगी कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों की राह

## स्टार्टअप के लिए हर जिले में बनाए जाएंगे इन्क्यूबेशन सेंटर

### ग्लोबल स्किल पार्क में ट्रेड्स की ट्रेनिंग

राजधानी में अक्टूबर 2023 में ग्लोबल स्किल पार्क शुरू हो चुका है। निर्माण करीब 30 एकड़ में सिंगापुर के तकनीकी परामर्श और सहयोग से किया गया है। हर साल 5 हजार युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य तय किया। युवाओं को मेकाट्रोनिक्स, मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स, पॉवरएंड कंट्रोल, नेटवर्क एंड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनिंग, मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज, नेटवर्किंग एंड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, मेकाट्रोनिक्स और प्रिसिजन इंजीनियरिंग जैसे ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप का कहना है कि प्रदेश के हर जिले में इन्क्यूबेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे, ताकि नए आइडिया आएं। लघु उद्योग विकास बैंक से भी टाईअप किया है। बैंक के माध्यम से तीन स्टार्टअप में 2.80 करोड़ का निवेश कराया गया। आलीराजपुर में पलंग, अलमारी आदि बनाने की छोटी 60 यूनिट हैं। इनके लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाने रोबोटिक प्लांट का 30 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। जहां जरूरत होगी ऐसे सेंटर बनाए जाएंगे।

### एआई में ट्रेंड होंगे युवा

प्रदेश में आधुनिक तकनीक से कदमताल मिलाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) को भी बढ़ावा देने की तैयारी है। बेंगलूरु में इंफोसिस ने मध्यप्रदेश में एआइ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके शुरू होने से एआइ में ट्रेंड युवा तैयार हो सकेंगे जो हर गतिविधि में एआइ का उपयोग बढ़ाने में मददगार बनेंगे। बेंगलूरु में मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के बीच एमओयू हुआ है। आईईएसए, देश में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र की सबसे बड़ी संस्था है जिससे इस क्षेत्र के सभी बड़े उद्योगपति जुड़े हुए हैं। संस्था ने प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग शुरू करने और इसके लिए जरूरी नॉलेज शेयरिंग का करार किया है। सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने के लिए सबसे जरूरी है।

# रक्षाबंधन पर माननीयों ने बहनों से बंधवाया रक्षासूत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रक्षाबंधन का पर्व राजधानी में हर्षोल्लास से मना। विभिन्न स्थानों पर कई आयोजन भी हुए। भोपाल में सिटी बसें महिलाओं के लिए फ्री रहीं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बसों में बहनों को मिठाई खिलाई। उनके साथ भोपाल महापौर मालती राय भी थीं। शहर में देश के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव में मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को हजारों महिलाओं ने राखी बांधी। मथुरा से आये कलाकारों ने श्रीराधाकृष्ण नृत्य कर समा बांधा। पहले दिन 14 हजार से अधिक बहनों ने मंत्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधे। यह उत्सव अभी भी जारी है।

**शिवराज ने बंधवाई राखी:** इधर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भोपाल में आवास पर बहनों से राखी बंधवाई। उन्होंने कहा, हमारी बहनें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त हों, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भोपाल में अपने सरकारी आवास में राखी बंधवाई। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा, बहनों के इस प्रेम और स्नेह से हृदय में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। पवित्र राखी हमें बहनों की रक्षा करने की प्रेरणा देती है



### सीएम ने नागदा में बंधवाई राखीं

सीएम मोहन यादव ने उज्जैन के नागदा में लाड़ली बहनों से राखी बंधवाई। वे यहां 'रक्षाबंधन एवं श्रावण उत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए। सीएम ने कहा, मेरी सभी बहनों के जीवन में आनंद, सुख और समृद्धि बनी रहे, इसके लिए निरंतर प्रयत्नशील रहूंगा। सीएम ने नागदा में कुछ बहनों के घर जाकर भी राखी बंधवाई।



### दिग्विजय पहुंचे सागर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सागर के बरोदिया नौनागिर पहुंचकर मृतक अंजना और नितिन अहिरवार की मां से राखी बंधवाई। मई में नितिन की हत्या कर दी थी। तब भी दिग्विजय बरोदिया नौनागिर पहुंचे थे। नितिन की मां और अंजना से राखी बंधवाकर उन्हें अपनी बहन-भांजी कहा था। कुछ समय बाद जब अंजना एम्बुलेंस से गांव आ रही थी तब एंबुलेंस से गिरने से उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

**51 फीट की राखी:** जबलपुर में बीजेपी की कार्यकर्ता लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आवास पहुंचीं। मंत्री को 51 फीट की राखी भेंट की। राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने भी मंत्री को राखी बांधी। मंत्री एक हफ्ते से जबलपुर में अपने आवास पर रहकर आराम कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के दौरान उनके पैर में चोट आ गई थी। डॉक्टरों ने माइनर फ्रैक्चर बताते हुए आराम करने की सलाह दी है।



भोपाल में राखी महोत्सव





# रातापानी अभी अभ्यारण ही रहेगा, माधव राष्ट्रीय उद्यान को रिजर्व बनाने की तैयारी

## मोहन सरकार ने रातापानी को रिजर्व बनाने पर शुरू किया था काम, जो बीच में अटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व बनाने का प्रस्ताव अटक गया है इसकी वजह राजनीतिक उलझने बताई जा रही है। फिर भी मध्य प्रदेश को एक नया टाइगर रिजर्व मिलना तय है। यह माधव राष्ट्रीय उद्यान हो सकता है। वन विभाग ने इस राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। सरकार से मिली मौखिक सहमति के बाद इस पर काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय की मोहन सरकार ने आते ही मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सेट रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व बनाने की अधिकृत तैयारी शुरू की थी जिसका असर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में हुई राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक में दिखा। जिसमें उन्होंने प्रभावित गांव वालों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से संतुलन साधकर रिजर्व के लिए आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक कारणों से यह प्रक्रिया अटक गई है, जो कब तक आगे बढ़ेगी, यह तय नहीं है। अभी प्रदेश में 7 टाइगर रिजर्व है और इनमें बाघों की संख्या 785 है। यह बाघ आकलन रिपोर्ट 2023 के तहत है जिसका आकलन वर्ष 2022 में किया गया था। अब यह संख्या बढ़ने का अनुमान है। शुरु में यह संख्या 6 थी लेकिन दिसंबर 2023 में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को सातवां रिजर्व बनाया गया।

### कूनो में चीते, इसलिए माधव को रिजर्व बनाने की तैयारी

मप्र के पालपुर कूनों में चीतों को रखा जा रहा है जिसे देखते हुए माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व बनाने की तैयारी है। इस साल के अंत तक इसकी घोषणा होनी है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में है जो कि कूनो नेशनल पार्क से लगा हुआ है। कूनों में ही चीतों को रखा जा रहा है। जिनकी सुरक्षा की चिंता मप्र से लेकर भारत सरकार और चीता देने वाले नामीबिया व दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों को है इस लिहाज से माधव राष्ट्रीय अभयारण्य को रिजर्व बनाया जाना है। जिसका विस्तार श्योपुर व मुरैना जिले की सीमा में फैले कूनो तक किया जाएगा। टाइगर रिजर्व का अपनी गाइडलाइन है इसलिए रिजर्व के दायरे में रहने वाले चीते, बाघ, तेंदुए समेत दूसरे वन्यप्राणियों की सुरक्षा बढ़ जाएगी।

## कर्मचारियों ने गाय और वृक्ष को बांधी राखी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रक्षाबंधन पर्व पर गायो एवं वृक्षों को पूजन किया तथा राखी बांध कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। व रक्षाबंधन मनाया। कार्यक्रम में अशोक पांडे चांद सिंह राजेंद्र शर्मा भूपेंद्र पांडे लव प्रकाश पाराशर आदि शामिल थे।

## मप्र न्यायाधीश संघ के चुनाव के लिए कल से नामांकन, 25 को मतदान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में जिला न्यायाधीश संघ के चुनाव के लिए 21 से 23 अगस्त तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे। मप्र न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 25 अगस्त को मतदान होगा। न्यायाधीश संघ का ये दूसरी बार चुनाव होने जा रहा है। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल मप्र द्वारा जारी किए पत्र पर मुख्य चुनाव अधिकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर ने ऑनलाइन चुनाव का टाइम टेबल जारी किया है। 21 अगस्त सुबह 10 बजे से 23 अगस्त शाम 5 बजे तक नामांकन भरे जाएंगे। 24 अगस्त दोपहर 1 बजे तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। 24 अगस्त को ही दोपहर 3 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी। 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक न्यायिक अधिकारी ऑनलाइन वोट करेंगे और वोटिंग समाप्त होने के मात्र 15 मिनट बाद दोपहर 3 बजकर 15 मे निर्वाचित अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा हो जाएगी।

**मेट्रो एंकर** 500 सीट पर दिए जाएंगे प्रवेश, कोर्स की अवधि न्यूनतम ढाई साल रहेगी

# भोज विवि: परीक्षा के आधार पर होंगे प्रवेश, 16 सितंबर तक विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में अब प्रवेश परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे। प्रबंधन ने बोएड स्पेशल एजुकेशन डिस्टेंस मोड पर काम शुरू कर दिया है। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितंबर तक किए जाएंगे।





जानकारी के अनुसार, 500 सीट पर प्रवेश दिए जाएंगे और कोर्स की अवधि न्यूनतम ढाई साल और अधिकतम 5 साल रहेगी। इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए पात्रता यूजी, पीजी अथवा समकक्ष परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। निःशक्त संतान होने पर माता-पिता को, किसी मान्यता प्राप्त संस्था से निशक्तजन का प्रमाण पत्र होने की स्थिति में, आरसीआई द्वारा डिप्लोमा या डिग्री होने की स्थिति 10 अंक तक का लाभांश प्रवेश परीक्षा में दिया जाएगा। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा, अध्ययन केंद्रों पर दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। ऑनलाइन काउंसलिंग के आधार पर अध्ययन केंद्र आवंटित किए जाएंगे।

**28 सितंबर को परीक्षा का आयोजन:** इस परीक्षा का आयोजन 28 सितंबर को किया जाएगा। इस में 90 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न सामान्य ज्ञान, मानसिक योग्यता, शैक्षिक अभिरुचि एवं विकलांगता ज्ञान पर आधारित पूछे जाएंगे, प्रवेश परीक्षा में माइनस मार्किंग होगी।

### *स्कूल शिक्षा:* उच्च पद का प्रभार पर ज्वाइनिंग का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार लेने के लिए तारीख में बढ़ोत्तरी की थी, जिसके अनुसार, शिक्षकों को 20 अगस्त तक पदभार गृहण करना है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर दिया है। संचालनालय ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने के लिए काउंसलिंग की थी। 6 अगस्त को शिक्षकों के पदस्थापना आदेश जारी किए गए और उन्हें 7 दिन में अनिवार्य रूप से पदस्थापना वाले स्कूल में ज्वाइन करने को कहा गया। 7 दिन बाद पदस्थापना आदेश स्वतः ही कैंसिल हो जाता। शासकीय शिक्षक संगठन ने इसका विरोध किया और आयुक्त लोक शिक्षण से ज्वाइनिंग का समय बढ़ाने की मांग की थी।



## संपादकीय

# फिर चुनावों का दौर

एक मुद्दत के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का रास्ता साफ हुआ है, तारीखों का ऐलान करके आयोग ने यहां के लोगों और राजनीतिक दलों की हसरतों को आकार लेने का मौका दे दिया है। वहीं हरियाणा में भी विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो गया है। पिछले लोकसभा चुनावों के अनुभव की रोशनी में यह देखना सुखद है कि इस बार आयोग ने चुनावों की अवधि को काफी छोटा रखा है। हालांकि कुछ और सवाल इन घोषणाओं को लेकर उठ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों से निर्वाचित सरकारों से वंचित जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद यह चुनाव सियासी व सामाजिक नजरिये से बेहद गौरतलब हो चुके हैं। यह चुनाव ऐसे वक्त में भी हो रहे हैं, जब वहां आतंकवाद फिर से सिर उठा रहा है और हमारे सुरक्षाबलों के लोगों की शहादत हो रही हैं। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर अधिकतम 30 सितंबर की समयसीमा भी तय कर दी थी। यह अच्छा है कि उसका सम्मान करते हुए इलेक्शन कमिशन ने चुनाव प्रक्रिया समयसीमा खत्म होने से काफी पहले शुरू कर दी, लेकिन आखिरी चरण का मतदान एक अक्टूबर तक खिंचने से, फिर भी नहीं बचा जा सका। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय जरूर है, लेकिन सरकार और प्रशासन के अलग-अलग स्तंभों की कार्यदिशा में न्यूनतम सामंजस्य की अपेक्षा गलत नहीं कही जाएगी। ऐसे में जब केंद्र सरकार पिछले कई वर्षों से एक राष्ट्र एक चुनाव की वकालत करती आ रही है और एक दिन पहले लालकिले से दिए गए भाषण में भी प्रधानमंत्री ने इसकी जरूरत को रेखांकित किया था, तब महाराष्ट्र, झारखंड जैसे राज्यों के चुनाव की तारीख क्यों साथ में घोषित नहीं की गई? जबकि उम्मीद यही बंधी थी कि चारों चुनाव साथ होंगे। जम्मू-कश्मीर को विशेष मामला माना जाए तो भी वहां 30 सितंबर से पहले चुनाव कराने के बाद छह महीने की अवधि के अंदर कार्यकाल पूरा करने वाली सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने में कोई संवैधानिक बाधा नहीं थी। बहरहाल जम्मू-कश्मीर के लिए चुनाव इस लिहाज से खास हैं कि अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इससे पहले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की जो उत्साहपूर्ण शिरकत देखने को मिली, उसके मद्देनजर इन चुनाव से एक नए दौर की शुरुआत की उम्मीद अस्वाभाविक नहीं कही जाएगी। हालांकि आतंक की छिटपुट घटनाएं वहां अब भी हो रही हैं, लेकिन इसके पीछे आतंकी तत्वों की मंशा इन चुनावों को बाधित करने की ही लगती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव ही उन तत्वों की साजिशों का सबसे अच्छा जवाब हो सकता है। हरियाणा के चुनाव इस लिहाज से दिलचस्प हो गए हैं कि लगातार दो बार सरकार बनाने वाली भाजपा के लिए लोकसभा चुनावों के नतीजे मनमाफिक नहीं आए। इसे लेकर भाजपा के भीतर कुछ सियासी उलझनें भी हैं। कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री बदलकर भी भाजपा ने हालात को अपने पक्ष में रखने की कोशिशें की हैं। दूसरी तरफ वहां कांग्रेस को अपने लिए ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है। यद्यपि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजे इस कदर अलग-अलग आते रहे हैं कि ऐसी उम्मीदों को एक हद से ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर देखें तो नतीजे जो भी आएं, चुनाव देश में लोकतांत्रिक चेतना का संदेश होते हैं। कुल मिलाकर माना जा सकता है कि अब देश में करीब चार महीने चुनाव के होंगे,क्योंकि इन दो राज्यों के चुनाव के दौरान या इसके तत्काल बाद महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव की दुंदुभी बज चुकी होगी।

मनुष्य एक व्यक्ति के रूप में प्रतिभाशाली है। लेकिन भीड़ के बीच वह नेतृत्वहीन राक्षस बन जाता है, एक महामूर्ख जानवर जिसे जहाँ हाँका जाए वहाँ चला जाता है।
–चार्ली चैप्लिन

## आज का इतिहास

- 1977 सोवियत आइसब्रेकर एनएस अरक्तिका उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला सतह जहाज बन गया।
- 1978 पहली बार तीन अमेरिकियों ने सफलतापूर्वक बैलून के जरिये अटलांटिक महासागर को पार किया।
- 1980 दो महीने की ऑस्ट्रेलियाई अजारिया चेम्बरलेन को अपने परिवार के शिविर से उलारू के एक डिंगो द्वारा ले जाया गया, जिसके लिए उसकी माँ को हत्या का दोषी ठहराया जाएगा।
- 1982 जर्मनी में पहली कॉम्पैक्ट डिस्क (सीडी) का उत्पादन शुरू किया गया।
- 1982 जर्मनी में पहली सीडी (कंपेक्ट डिस्क) लोगों के लिये उपलब्ध की गई।
- 1984 पेरू सहरावी अरब लोकतांत्रिक गणराज्य बना।
- 1988 पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत अर्नोल्ड राफेल की एक हवाई दुर्घटना में मौत।
- 1990 5 दिनों तक चले आदिवासी विवादों के कारण 170 दक्षिण अफ्रीकी मारे गए। पुलिस ने जूलस को रोक दिया जो कुल्हाड़ियों और भाले दिखा रहे थे। जूलस के साथ लड़ रहे थे, जिसके नेता नेल्सन मंडेला थे।
- 1993 पहली बार, लोगों को लंदन के बकिंघम पैलेस में अंदर आने की अनुमति दी गयी
- 1998 अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने टेप की गई गवाही में स्वीकार किया कि व्हाइट हाउस के इंटर्न मोनिकावेल्वस्की के साथ अनुचित शारीरिक संबंध है।
- 1998 नेशन्स बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका के विलय से अमेरिका के सबसे बड़े बैंक की स्थापना हुई।
- 1999 उत्तर पश्चिमी तुर्की (क्षतिग्रस्त) में 7.5 मेगावॉट का भूकंप आया, जिसमें 17,000 से अधिक लोग मारे गए और लगभग आधे अमिलियन लोग बेघर हो गए।

## निशाना

### छिछालेदर हो रही !



\- कृष्णेन्द्र राय

गिरा इतना स्तर ।
क्या कुछ कहना बाकी ।।
टाय टाय फिस्स हुई ।
आपकी चालाकी ।।
कार्यशैली पल पल ।
देख रहा है देश ।।
स्वत- धीरे धीरे ।
पहुंच रहा संदेश ।।
थे बदलने आए ।
जो गड़बड़ था तंत्र ।।
उतरे बदसलूकी पर ।
कर विचरण स्वतंत्र ।।
रहा ना कुछ अब गुप्त ।
खुल गए सारे राज़ ।।
छीछालेदर हो रही ।
फिर भी पहने ताज ।।

# कठिन डगर है ईमानदार राजनीति से सफलता की

*प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के इस विचार से व्यापक सहमति हो सकती है कि किसी भी परिवार का व्यक्ति 'राजशाही' उत्तराधिकारी की तरह पार्टी का प्रमुख और सत्ता या विपक्ष का नेता न बने ....*

■ आलोक मेहता

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से भाषण के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण सुझाव सामने रखा। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में पंचायत, नगर पालिका - निगम, विधान सभा और संसद तक एक लाख ऐसे नए लोग आएं जिनका परिवार कभी राजनीति में नहीं रहा हो ।



प्रधान मंत्री इस तरह राजीति में परिवारवाद और जातिवाद के विरुद्ध अपने अभियान को आगे बड़ा रहे हैं । इसी तरह अपना कोई राजनीतिक नुकसान होने का खतरा उठाते हुए वह भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया। निश्चित रुप से दोनों प्रयास सराहनीय हैं । इससे राजनीति में एक नई तरह की बयार , शुचिता , वैचारिक सामाजिक विविधता भी आ सकती है, लेकिन पुराने नए व्यवहारिक अनुभव बताते हैं कि आड़ादी के करीब 25 साल बाद से राजनीति में आए बदलावों से केवल ईमानदारी और सेवा से सफल होने की डगर बहुत कठिन हैं । शिक्षा, प्रशासन, विधि न्याय, सिनेमा, कृषि, उद्योग - व्यापार, पुलिस, सेना , एनजीओ, धार्मिक संस्थान जैसी गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए लोग भी राजनीति में ईमानदारी के आदर्शों से बहुत कठिनाई से सफल हो पाते हैं । इसी मुद्दे से जुड़ा एक दिलचस्प तथ्य यह है कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्वयं लोक सभा के दो चुनाव कांग्रेस पार्टी से पराजित हुए । महात्मा गाँधी के पोते राजमोहन गांधी पहले अमेठी से और फिर पूर्वी दिल्ली से लोक सभा का चुनाव लड़े लेकिन पराजित हुए ।

दूसरे पोते गोपाल कृष्ण गांधी उप राष्ट्रपति के चुनाव में पराजित हो गए । पंडित लालबहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री और अनिल शास्त्री एक दो बार चुनाव लड़कर जीते, उत्तर प्रदेश में मंत्री भी बने , लेकिन अपनी आदर्शवादिता के कारण राजनीति में सफल नहीं कहला सके । हां नेहरु गांधी परिवार लगातार राजनीति में सफल होता रहा , लेकिन आरोपों के अम्बार रहे । प्रधान मंत्रियों में चौधरी चरण सिंह , इन्दर कुमार गुजराल और एच डी देवेगौड़ा के परिजन जीते हारे और आरोपों से भी घिरे रहे। यह कहा जा सकता है कि विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न पार्टियों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय या राज्यों के मंत्रियों , सांसदों, विधायकों, पार्षदों, पंचों या पार्टी पदाधिकारियों के परिवारों के सदस्य चुनावों में विजयी अथवा पराजित होते रहे हैं । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के इस विचार से व्यापक सहमति हो सकती है कि किसी भी परिवार का व्यक्ति 'राजशाही' उत्तराधिकारी की तरह पार्टी का प्रमुख और सत्ता या विपक्ष का नेता न बने । अपनी पार्टी, क्षेत्र, समज में सक्रिय सेवा के बल पर चुनाव लड़कर पद पा सकता है । इसी तरह जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर राजनीतिक स्वार्थ पूरे करना अनुचित है ।

अब सवाल उठता है अन्य क्षेत्रों का । शिक्षा के क्षेत्र से राजनीति में आने के लिए कई लोग छात्र शिक्षक और राजनीतिक गुटबाजी से सफल हुए , लेकिन क्या बहुत सीमित आर्थिक संसाधनों के बिना चुनाव जीत सके और बाद में भी क्या भ्र्ष्ट





आचरण आरोपों से बच सके ड़ कुछ सांसदों - नेताओं ने ईमानदारी से काम करने का प्रयास किया , लेकिन चुनावी राजनीति में अधिक सफल नहीं हो सके । कानूनी पेशे से राजनीति में आने का सिलसिला आजादी के आंदोलन से चलता रहा है , लेकिन उन्हें पार्टी के समर्थन के साथ न्यायिक जगत में कामकाज और पुराने संबंधों , भ्रष्ट या आपराधिक मामलों में फंसे नेताओं की पैरवी करके सत्ता सुख मिलता रहा है । नौकरशाहों के राजनीतिक रुझान और रिटायरमेंट के बाद कई अधिकारी राजनीतिक पार्टियों में न सिर्फ शामिल हुए बल्कि चुनाव भी लड़े और मंत्री भी बने, लेकिन सरकारी सेवा में रहते ही यदि कोई अधिकारी स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लेकर राजनीतिक पार्टी में शामिल होकर चुनाव लड़ने की तैयारी करने लगे तो सेवा के दौरान उसकी निरपेक्षता पर संदेह होना स्वाभाविक है । नौकरशाहों के सरकारी सेवा छोड़कर तुरंत राजनीति में स्थापित होने की स्थिति न सिर्फ शासन और प्रशासन के लिहाज से ठीक है और न ही राजनीति के लिहाज से। अधिकारियों के इस तरह के राजनीतिक प्रवेश से पार्टियों के संगठन और उनके कार्यकर्ताओं पर भी असर पड़ता है. जिस व्यक्ति ने दशकों तक अफसर बनकर काम किया होगा वो जनता और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर नहीं चल पाएगा. दूसरे, वो आते ही राजनीति में यदि स्थापित हो जाता है तो लंबे समय से पार्टियों में काम कर रहे कार्यकर्ता भी मायूस होते हैं । राजनीतिक विश्लेषक इस प्रवृत्ति को इसलिए भी लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हैं क्योंकि नौकरी छोड़कर तुरंत सत्ताधारी पार्टी में या किसी अन्य पार्टी में शामिल होना यह दिखाता है कि अमुक अधिकारी उस दल के प्रति निरपेक्ष नहीं रहा होगा और अधिकारियों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वो सरकार के बजाय किसी खास दल के प्रति निष्ठावान रहे ।खासकर तब, जब अधिकारी रिटायरमेंट लेकर सत्तारूढ़ दल में शामिल हो जाए । उत्तर प्रदेश में 1967 में फैजाबाद के डीएम रहे केके नायर जनसंघ के टिकट पर बहराइच से लोकसभा पहुंचे थे. यूपी के डीजीपी रहे श्रीशचंद्र दीक्षित पहले भाजपा में आए और बाद में विश्व हिन्दू परिषद में चले गए और राममंदिर आंदोलन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । वीएचपी नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल, यूपी के डीजीपी रहे । हाल के वर्षों में विदेश मंत्री एस जयशंकर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, ब्रजलाल, आर के सिंह , एस पी सिंह , अरविन्द शर्मा जैसे कई अधिकारी भाजपा में शामिल होकर सफल हैं, लेकिन सीधे चुनाव लड़ने के लिए उन्हें आदर्शवादिता से कुछ समझौते करने पड़ेंगे । भारतीय चुनाव व्यवस्था में व्यापक सुधार के लिए सम्मानित रहे ईमानदार प्रशासक टी एन सेशन स्वयं कोई चुनाव नहीं जीत सके। यशवंत सिन्हा सरकारी नौकरी छोड़कर जयप्रकाश नारायण , चंद्रशेखर, अटल आडवाणी के समर्थन से सत्ता में पहुंचे लेकिन भ्रष्टाचार और बड़े आर्थिक घोटाले के आरोप लगते रहे हैं । बहुत पहले प्रशासनिक सेवा और राज परिवार से निकले गोविन्द नारायण सिंह दलबदल कर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, लेकिन संविद सरकार अधिक नहीं चल सकी । आई ए एस रहे एकमात्र अजीत जोगी कांग्रेस पार्टी के बल पर मुख्यमंत्री बने, लेकिन प्रशासनिक सेवा और राजनीति में भ्रष्टाचार तथा अन्य अपराधों के आरोपों से कलंकित हुए और आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ के सामाजिक आर्थिक हितों को बहुत नुकसान पहुँचाया । प्रशासनिक राजस्व सेवा और एन जी ओ से निकले दूसरे मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पद पर रहते हुए घोटाले भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से जेल में हैं । वह तो अन्ना हजारे के ईमानदार राजनीति के नारे वाले आंदोलन से पार्टी बनाकर सत्ता में आए थे, लेकिन स्वयं और पार्टी के कई नेता गंभीर आरोपों में फंसते चले गए। व्यापार उद्योग क्षेत्र से राजनीति में आने वाले कुछ नेता स्वयं भले ही ईमानदार रहे, लेकिन उन्हें पार्टियों की फंडिंग या अन्य समझौते करने पड़े । सिनेमा उद्योग से निकले अधिकांश लोग अपनी फिल्मी लोकप्रियता के बल पर चुनावी मैदान में सफल हुए । अपने चुनाव क्षेत्र और जनता को अधिक लाभ नहीं पंहुचा सके । दक्षिण भारत में एम् जी रामचंद्रन, जय ललिता, करुणानिधि को अवश्य मुख्यमंत्री के नाते काम के अवसर मिले, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों की कीचड़ से नहीं बच सके । बहरहाल कड़वे अनुभवों और चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र में नया खून, नए लोग और नई आशा अपेक्षा विश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश तथा उम्मीद रहनी चाहिए ।

# भारत से '71' में हो गई थी बड़ी चूक, तभी करा देना था अल्पसंख्यकों की रक्षा का प्रावधान

■ शिवदान सिंह

बांग्लादेश में हिंसा और विरोध प्रदर्शन के चलते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आई शेख हसीना ने पूरे घटनाक्रम पर पहली बार चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के पीछे अमेरिका का हाथ है। अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया है, जिसके कारण वह बंगाल की खाड़ी में स्थित सेंट मार्टिन द्वीप अमेरिका को दे दे। लेकिन विचारणीय पहलू यह है कि भारत ने सन 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए पाकिस्तान से युद्ध किया और 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करके बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की।भारतीय सैनिकों ने पूर्वी पाकिस्तान में मौजूद 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों और उनके कमांडर जनरल नियाजी को बंदी बना लिया था। इस युद्ध में 3,000 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 12,000 घायल हुए। इसके अलावा इस युद्ध में भारत की एक पंचवर्षीय योजना पर होने वाले धन के बराबर धन खर्च हुआ, जबकि उस समय देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। यह धन देश की विकास योजनाओं पर खर्च किया जाना था। परंतु मानवता की पुकार के कारण भारत सरकार ने यह धन बांग्लादेश के निर्माण पर खर्च किया। युद्ध समाप्ति के बाद भारत सरकार और खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्वस्तर पर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के बगैर ही बांग्लादेश का निर्माण कर दिया और युद्ध समाप्ति के 15 दिन बाद ही अपनी सेना को बांग्लादेश से वापस बुला लिया। यहां पर विचारणीय यह कि लंबे समय से पूरे पाकिस्तान में, जिसमें बांग्लादेश भी सम्मिलित है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे थे, जिसके कारण या तो वे पलायन कर रहे थे या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर हो रहे थे। आजादी से पहले 1946 में बांग्लादेश स्थित नोहा खाली नाम के स्थान पर हुए सांप्रदायिक दंगे में कई हिंदुओं की हत्याएं की गई और महिलाओं से दुष्कर्म किए गए। महात्मा गांधी भी इन दंगों को नहीं रोक पाए थे। 1947 में पश्चिमी पाकिस्तान में हिंदू आबादी 18 फीसदी और पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में 25 फीसदी थी, लेकिन आज पाकिस्तान में हिंदू आबादी घटकर एक प्रतिशत और



बांग्लादेश में केवल पांच फीसदी रह गई है। दोनों ही देशों से अब भी हिंदुओं पर किए जाने वाले अत्याचारों की खबरें आती रहती हैं। इतना सब होने के बाद भी बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाने और उसका निर्माण करने में अपने 3,000 सैनिकों की कुर्बानी और अपनी एक पंचवर्षीय योजना का पूरा धन खर्च करने के बाद भी भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई। न्याय और मानवता के आधार पर बांग्लादेश के संविधान में उसके निर्माण के समय ऐसे प्रावधान किए जा सकते थे, जिससे वहां की कानून व्यवस्था हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। उस समय बांग्लादेश की सरकार भारत की हर शर्त मानने के लिए तैयार थी, क्योंकि भारत ने ही उसे पाकिस्तान की गुलामी से मुक्ति दिलाई थी। पूरे विश्व के इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है, जहां पर किसी देश ने दूसरे देश को बांग्लादेश की तरह स्वतंत्रता दिलाई हो। भारत ने जिस देश को लंबी गुलामी से मुक्त कराया, उसके साथ ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया, जिसके अनुसार, उसके कानून में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रावधान हो। इसके अलावा भारत की ओर से किए गए अनके आर्थिक अनुबंधों की वजह से बांग्लादेश आज दक्षिण एशिया की एक उभरती आर्थिक शक्ति बन रहा है। सीमाओं पर भी भारत ने उसे सुरक्षा प्रदान की है। पूरी बंगाल की खाड़ी में भारत की नौसेना अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बांग्लादेश की सीमाओं की सुरक्षा भी कर रही है। परंतु आज उसी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं और उनकी महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है, जिससे मानवता शर्मसार हो रही है। इस समय भारत सरकार को चाहिए कि बांग्लादेश में जो भी सरकार आती है, उसे साफ शब्दों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करने के लिए कहे, अन्यथा भारत अपने आर्थिक संबंध बांग्लादेश से समाप्त कर देगा। उसके विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र में आवाज उठाकर उसको भी पाकिस्तान की तरह एक आतंकी देश घोषित करवा सकता है। इस्राइल एक छोट-सा देश है, लेकिन पूरे विश्व के यहूदियों को वह संरक्षण उपलब्ध करा रहा है। क्या भारत भी इस प्रकार हिंदुओं की रक्षा कर सकता है? परंतु हमारे देश में धर्म निरपेक्षता की आड़ में हिंदुओं की बात ही नहीं की जाती। अल्पसंख्यकों को वोट बैंक माना जाता है। बांग्लादेश और पाकिस्तान की घटनाओं को देखते हुए अब समय आ गया है कि भारत सरकार विश्व पटल पर खुलकर हिंदुओं की रक्षा की बात रखे।

\- साभारः यह लेखक के अपने विचार हैं।

# भाई ने रक्तदान कर बहन को रक्षाबंधन का उपहार दिया



**नर्मदापुरम।** रक्षाबंधन के दिन वैसे तो हर भाई अपनी बहन को कुछ ना कुछ उपहार देते हैं.लेकिन इटारसी निवासी एक भाई ने एक बहन के लिए रक्तदान कर उसे भयानक कष्ट से बचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुहागपुर निवासी एक बहन को डिलीवरी पीरियड में ब्लड की अत्यधिक कमी आ जाने की वजह से डिलीवरी में प्रॉब्लम हो रही थी। रक्षाबंधन का त्यौहार होने की वजह से उसे रक्तदाता मिल नहीं रहे थे। सोहागपुर ब्लड बैंक पर रक्त चाहिए का मैसेज देखकर इटारसी के भाई शेख इमरान अपने खर्चे पर रक्तदान करने पहुंचे और उस बहन को अपना कीमती एबी पॉजिटिव ब्लड देकर पीड़िता बहन को रक्षाबंधन का उपहार दिया।

## रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह से मनाया

**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार श्रद्धा पूर्वक उत्साह के साथ मनाया गया. पर्व को लेकर घर परिवारों में सुबह से ही उत्साह का वातावरण बना रहा. भाई ने बहन की रक्षा का प्रण लिया और उपहार भेंट किये।



# बहनों ने बांधा भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र

**सिवनी मालवा।** श्रावण महीने की पूर्णिमा तिथि को मनाये जाने वाले रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सोमवार को बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों को उनकी सुरक्षा का वचन दिया, साथ ही उन्हें उपहार देकर उनसे आर्शीवाद लिया। सोमवार के दिन ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया वहीं सोमवार को श्रवण माह का अंतिम सोमवार होने के कारण भी भगवान शंकर के शिवाले में जमकर भक्तों की भीड़ देखी गई।





# नगर आगमन पर विवेक सागर का हुआ शाल श्रीफल से स्वागत



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

नर्मदा अंचल के हॉकी के जादूगर मध्य प्रदेश की शान देश का सम्मान पेरिस ओलंपिक में रजत पदक विजेता विवेक सागर के प्रथम नगर आगमन पर उनका लगातार स्वागत अभिनंदन सम्मान समारोह सिलसिला अनवरत चल रहा है। इस के चलते मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान प्रभारी महेंद्र उगले ने साल श्रीफल एवं पुष्प हार पुष्प कुछ से स्वागत किया वहीं जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद चोरे सचिव आशुतोष तिवारी जिला उपाध्यक्ष बशारत खान राजू रघुवंशी योगेश दर सिमहा प्रफुल्ल पटेल द्वारा स्वागत सम्मान किया इसी क्रम में जिला खो खो संघ की ओर से भी स्वागत किया गया और बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र की आमा कटारा बीट में हुआ

# लाखों रुपए के बांस बिरहा सफाई में हुआ घोटाला!

संतोष सिंह चंदेल, सिवनी मालवा

सिवनी मालवा के वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आम कटरा रेंज के अंतर्गत पढ़ने वाली बीट गीत खेड़ा और आमा कटारा के कक्ष क्रमांक 372 और 374 में सन 2023 और 24 में 44 हजार बांस बिरहा के सफाई का काम आया था। जो लगभग 25 लख रुपए की राशि से या काम होना था सीसीएफ के आदेश पर बांस बिरहा की सफाई का काम चलना था सफाई पूर्ण कर कर्मचारियों ने और अधिकारियों ने इसका जमकर फायदा उठाया की जंगल में मोर नाचे किसने देखा। लेकिन शायद वह भूल रहे हैं कि अगर आग लगी है तो धुआ तो उठेगा ही मजे वाली बात तो यह है कि इन 44 हजार बांस बिरहा की सफाई का काम बरसों से जमे यहां पर डिप्टी रेंजर और नाकेदारों ने जमकर भ्रष्टाचारी कर लाखों रुपए की बंदर बांट कर डाली इन 44 हजार बांस बिरहा की जगह पर इन्होंने लगभग चार से पांच हजार ही बांस बिरहो की सफाई का काम हुआ है। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि इन लाखों रुपए की बांस भीरहो की सफाई के काम में श्रमिकों को मात्र 70 से 80 हजार रुपए ही देकर यह पूरा काम करवा लिया। जब इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की गई तो पता चला कि मौका स्थल पर ईतने बांस भिरहों की सफाई का काम हुआ ही नहीं है अब इसमें लाखों रुपए की बंदर बांट कर डाली और यह काम आज भी अधूरा मौके पर पड़ा हुआ है। जिसकी उच्च स्तर जांच लगभग 3 महीने के बाद आज भी अधूरी है। इस भ्रष्टाचार को उजागर

## इस मामले में तीन माह से चल रही है उच्च स्तरीय जांच



न करने के लिए और किसी प्रकार से भी यह मामला नहीं उठे इसमें भी भारी देन लेन हुआ है। जो एक बड़ी जांच का विषय है। जब इस पूरे मामले में हमने जांच अधिकारी सिवनी मालवा वन विभाग के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि जांच लगभग लगभग पूरी हो चुकी है जांच रिपोर्ट में कुछ दस्तावेज वरिष्ठ कार्यालय से मांगे गए हैं जो प्राप्त होते ही उनका मूल्यांकन कर जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय पर प्रेषित की जाएगी।

अब प्रश्न यहां पर इस बात का उठना लाजमी है कि जब 3 महीने से यह जांच चल रही है तो किन-किन जिला स्तर अधिकारियों के निर्देश पर या जांच अटकी पड़ी हुई है आखिर क्यों लाखों रुपए के इस भ्रष्टाचार में डिप्टी रेंजर और नाकेदारों को बचाया जा रहा है यह वही अधिकारी और कर्मचारी हैं जो विगत 8 से 10 सालों से एक ही बीट में जमे हुए हैं जिनके कार्यकाल में कई बार जंगल की अवैध कटाई कर माफिया लाखों रुपए सागोन लकड़ी लेकर फरार हो चुके हैं।

### सिवनी मालवा रेंज में 2 करोड़ से अधिक के काम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नोनिया बीट में लगभग 56 लाख दाविदा बीट में 20 लाख सहित ढकना,चरखेड़ा, समरदा, पीपलिया, के अलावा अन्य वन ग्रामों में लगभग दो करोड़ से लेकर ढाई करोड़ तक का काम आया हुआ था लेकिन बरसों से जमे डिप्टी रेंजर और नाकेदारों ने इन कामों को किस स्तर तक इस काम को अंजाम दिया है यह भी एक जांच का विषय है।

# हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर का सम्मान




**नर्मदापुरम।** नर्मदाअंचल के हॉकी के जादूगर मध्य प्रदेश की शान देश का सम्मान पेरिस ओलंपिक में रजत पदक विजेता विवेक सागर के आगमन पर स्वागत अभिनंदन सम्मान समारोह मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान प्रभारी महेंद्र उगले ने साल श्रीफल एवं पुष्प हार पुष्प कुछ से स्वागत किया. वहीं जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद चोरे सचिव आशुतोष तिवारी जिला उपाध्यक्ष बशारत खान राजू रघुवंशी योगेश दरसिमहा प्रफुल्ल पटेल ने भी स्वागत सम्मान किया इसी क्रम में जिला खो खो संघ की ओर से भी स्वागत किया गया बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के संत एवं उड़ीसा के हनुमान मंदिर के श्री महंत सरजू दास महा त्यागी ने अपने शिष्यों के साथ तमिलनाडु के रामेश्वर धाम में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को स्फटिक शिवलिंग का अभिषेक किया... श्रावण मास में हर सोमवार को महंत श्री सरजू दास द्वारा शिव जी का अभिषेक किया जाता है.. महात्यागी द्वारा अपने आश्रम उड़ीसा में श्रावण के पहले सोमवार को सवा लाख बिल्ब पत्रों से अभिषेक करने की परंपरा का भी निर्वाहन किया जाता है।

# दादी की रसोई करके घर जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

**सिवनी मालवा।** नगर और बराखड़ बायपास पर मिनी ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। और बाइक सवार को घसीटते हुए ट्रक सड़क से नीचे जा कर पलट गया जिसमे बाइक सवार युवक की ट्रक के नीचे दब कर दर्द नाक घटना स्थल पर ही मौत हो गई

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही ट्रक का ड्राईवर स्वयं ही सिवनी मालवा थाने पहुँच गया। ड्राईवर से घटना की जानकारी मिलते ही सिवनी मालवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा केले के ट्रक को खाली करवा कर लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से ट्रक को खड़ा करवाया गया। तो ट्रक के नीचे युवक दबा हुआ दिखाई दिया। युवक की पहचान हरदा में रहने वाले सुमेर सिंह लाइनमैन के पुत्र लोकेश जिसकी लगभग उम्र 26,27 वर्ष के रूप में हुई। ग्राम खल के रहने वाले लोकेश उसके पूरे परिजन अपनी दादी की रसोई में ग्राम खल आए हुए थे जो वापस लौटते समय यह हादसा हुआ।



पुलिस ने युवक के शव को निकाल कर बैकुंठ रथ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला कर शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंपा। आसपास के लोगों ने बताया की पिछले 15 दिनों में ये चौथा हादसा है ग्रामीणों की मांग है की बायपास चौराहे पर ब्रेकर बनाए जाए क्यूंकि बायपास पर पेड़ झाड लगे होने के चलते बराखड से आने वाले वाहन चालकों को बायपास से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते है। जिससे यहाँ पर आये दिन हादसे हो रहे हैं। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया की ट्रक ड्राईवर ने थाने पहुँच घटना की जानकारी दी।

मेट्रो एंकर

## सिगरेट और कार 19लाख रुपए का मशरुका भी किया जब्त

# सीसीटीवी फुटेज व लंबी पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े चोर

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन और टीआई गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व वाली इटारसी पुलिस ने एक बडी चतुराई से की गई चोरी का पता लगा लिया है। जिस तरह से पुलिस ने इंवेस्टिगेशन के लिए मेहनत की, वह काबिले तारीफ है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि 1 अगस्त को सरदार ट्रेडर्स होटल पंखतीरा के पीछे विमल स्वीट के साइड में सिगरेट चोरी की घटना हुई थी। उसके आरोपी, माल सहित पकड लिए हैं। घटना में प्रयुक ?त कार भी पुलिस ने जब्त कर दी है। पकडे गए आरोपी अंतराज्यीय चोर हैं। पुलिस ने कुल चार आरोपी पकडे हैं। जिनसे 9 लाख रुपये की सिगरेट जब?त की गई है। टीआई सिंह ने बताया कि फरियादी इंद्रजीत सिंह राजपाल निवासी इटारसी ने थाना इटारसी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि- दिनांक 31 जुलाई व 01अगस्त की दरम्यानी रात्रि में अज्ञात आरोपियों ने उसकी दुकान से चोरी कर ली थी। जिसमें से 4 लाख रुपये कीमती सिगरेट व् लगभग 54 हजार रुपये के चिल्लर चोरी कर चोरी कर ले गए है।




पुलिस ने इसे गंभीर घटना मानते हुए घटना स्थल के आसपास तथा घटना से जुड़े सभी मार्गों के लगभग 135 सीसीटीवी कैमरे का परिक्षण कर, शहर व प्रदेश के संभावित टोल नाका से जानकारी जुटाई गई। इसके अलावा राज्य की सीमाओं से लगे हुए सभी राज्यों के पुलिस विभाग से पूर्व में सिगरेट चोरी की वारदात में पकडे गए आरोपियों की आपराधिक जानकारी, तथा उनकी वर्तमान स्थिति य उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही अन्य तकनीकी सहयोग प्राप्त करने पर मिली जानकारी के बाद पटना में संदेहियों महेंद्र कुमार पिता थाना राम मेघवाल, ब्रजेश उर्फ जैन साहब पिता भवरलालजी गुर्जर, हप्पूराम उर्फ मनीष पिता प्रकाशराम राजपुरोहित , जीतेन्द्र उर्फ जित्तू पिता हरिशंकर पालीवाल को चिन्हित किया गया था।

मामले के खुलासे के लिए लगाई गई टीम को जानकारी मिली कि चोरी संदेहियान राजस्थान के रहने वाले है तथा उनमे से दो मुंबई के ठाने जिला अंतर्गत थाना काशिगाव क्षेत्र में रह रहे है और तीसरा सूरत गुजरात में तथा चौथा वापी जिला बलसाड गुजरात में रहकर चारों कार से जाकर अलग अलग राज्यों में सिगरेट की चोरी करते हैं। प्राप्?त जानकारी के अनुसार टीम के द्वारा संदेहियों का पीछा करते हुए लगातार 7 दिन मुंबई, पुणे, अंधेरी, मीरा रोड क्षेत्र में सम्बंधित ठाने के स्टाफ के साथ मिलकर लगातार तलास करने पर 2 संदेही मनीष उर्फ हप्पूराम तथा ब्रजेश उर्फ जैनसाहब को थाना सिंहगढ़ क्षेत्र से तथा महेन्द्र को मुंबई के मीरा रोड जिला ठाने से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो तीनों ने अपने साथी जीतेन्द्र उर्फ जित्तू पालीवाल के साथ महेंद्र कुमार मेघवाल की होंडा सिचिक कार से दिनांक 31/07/24 व 01.08/24 की दरम्यानी रात्रि में इटारसी आकर मनीष द्वारा पूर्व से देखि गई ÷सरदार ट्रेडर्स÷ में सिगरेट की चोरी करके ले जाकर मुंबई के अपने फ्लेट में रखना बताया। जिसके बाद तीनो आरोपियों से लगभग 1.10 लाख रुपये कीमती सिगरेट व महेंद्र की घटना में प्रयुक्त होडा सिविक कार जन कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । जहां से आरोपीगण मनीष व ब्रजेश को जेल भेजा गया तथा आरोपी महेंद्र का पुलिस रिमांड लेकर चौथे आरोपी जीतेन्द्र पालीवाल की तलास कर जीतेन्द्र को वापी जिला वलसाड गुजरात से अभिरक्षा में लिया तथा जीतेन्द्र से लगभग 1 लाख रुपये की सिगरेट जर करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपीगण के विरुद्ध महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान में चोरी, लूट के कई अपराध पंजीबद्ध है, तथा वर्तमान में भी कुछ थाना में आरोपी यांच्छित है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सूचित किया जा रहा है। प्रकरण के चोरी के शेष माल की जप्ती के लिए प्रयास किये जा रहे है।

### जप्त सामग्री-

1- सिगरेट के पैकेट कीमती करीब 2 लाख 10 हजार रु.

2- घटना में प्रयुक्त होंडा सिविक कार MH05AJ0541 कीमत 7 लाख रुपये।

3- घटना में प्रयुक्त लोहे का एक लीवर, कुल मसरुका कीमती करीब 19 लाख 10 हजार रु. का।

### इस टीम का रहा सराहनीय कार्य

चोरी की घटना का खुलासा करने वाली टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निरी0 गौरव सिंह बुंदेला, SI भाउराव गणेशे, ASI संजय रघुवंशी, HC शेख अबरार, आर0 आकाश बारस्कर,राहुल उघडे, गजेन्द्र डडॉर, जितेन्द्र नरवो, अविनाशी हारोडे, जीतेन्द्र शेशकर, ब्रजलाल नरें, गुलशन एवं सायबर सेल से आर अभिषेक नरवरिया, संदीप यदवशी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। सहयोगी भूमिका- उप निरि. प्रमोद पाटिल, आर शंकर थाना मीरा रोड, प्र. आर. राहुल थाना काशिगांव जिला ठाने महाराष्ट,आर. राहुल कोकाटे, प्रशांत चाटे धाना सिंहगढ़ जिला पुणे महाराष्ट, ASI अल्ला रक्खा, प्र. आर. शैलेश प्रजापति थाना डूंगरा जिला वलसाड गुजरात, सायबर सेल से आर0 आदित्य सिंह रघुवंशी जिला छिंदवाडा, दीपेश पटेल जिला रीवा रही।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भाई बहन के अटूट प्रेम स्नेह का पर्व रक्षाबंधन बड़े हर्ष उल्लास और परंपरा पूर्वक मनाया गया। बहाने इस दिन का इंतजार एक साल से करती हैं रक्षा सूत्र बांधकर बहनों ने भाइयों से रक्षा का वचन लिया बदले में भाइयों ने भी उपहार दिया भादरा के कारण सुबह से रक्षाबंधन पर राखी नहीं बनवाई गई दोपहर के बाद शुभ मुहूर्त में राखी बांधने का दौर प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। सावन पूर्णिमा की तिथि पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है। बहन-भाई के प्यार के त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी बहनों के द्वारा भाइयों को विशेष पकवान बनाकर परोसे गए। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार



देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। सोमवार की सुबह भद्रा काल होने कारण दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। भारतीय हिंदू संस्कृति में सभी रिश्तो को महत्व देने के लिए कई पर्व मनाए जाते हैं। भाई दूज के साथ रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के अनूठे संबंध को और गहरा करने का पर्व है। दूसरी ओर भगवान तथा पुल आदि को भी राखी बांधने का कार्य किया गया।

### भाइयों ने रक्षा का वचन बहनों को दिया

खुद सज धज कर बहनों ने थाल सजाई। जिसमें राखियों के साथ रोली हल्दी चावल दीपक मिठाई आदि रखा। भाइयों को टीका लगाकर उनकी आरती उतारी गई और उनकी दाहिनी कलाई पर राखी बांधी गई। भाइयों ने रक्षा का वचन देते हुए बहनों को उपहार प्रदान किए। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रक्षाबंधन को लेकर एक सा उत्साह नजर आया। तमाम आधुनिकताओं के बावजूद आज भी भारतीय परंपराओं पर अटूट विश्वास की झलक ऐसे ही पर्व पर नजर आती है।

## सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता, देवपुर में भी आस्था का जन सैलाब



**सिरोंज।** रक्षाबंधन के साथ सावन सोमवार का आखिरी सोमवार होने के कारण सभी शिव मंदिरों में पूजा अर्चना अभिषेक आदि करने के लिए प्रातः काल से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था विशेष मुहूर्त में भगवान शिव को मनाने के लिए अभिषेक आदि का दौर प्रारंभ हो गया था जो देर रात तक चलता रहा भजन कीर्तन भी हुए।क्योंकि कई सालों के बाद सावन के महीने में पांच सोमवार थे इसलिए इस सोमवार का विशेष होता बताया गया था। धार्मिक माता के अनुसार इस दिन भगवान शिव जी का पांच तरह के तत्वों से अभिषेक करने से विशेष फल प्राप्त होता है इसलिए भक्तों का अभिषेक करने का सिलसिला चलता रहा नगर के नीलकंठ महादेव मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर, छतरी नाका हनुमान मंदिर के अलावा सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली ग्रामीण अंचलों में ही बड़े उत्साह के साथ सावन के आखिरी सोमवार को भक्तों ने पूजा अर्चना की।

**देवपुर में लगी लंबी-लंबी कतारें** - आखिरी सोमवार होने के कारण जहां देवपुर धाम में एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल ही बाबा विश्वनाथ स्वामी के धाम पहुंचे इसके चलते मंदिर परिसर में चारों तरफ भक्त ही भक्त नजर आ रहे थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पहले से ही मंदिर समिति व पुलिस शासन के द्वारा अलग-अलग लाइनों में दर्शन करवाने के बाद दूसरे रास्ते से बाहर निकलने का कार्य किया जा रहा था । वहीं पैदल और पिंड भरते हुए पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड के जल से स्नान के बाद भगवान विश्वनाथ स्वामी का जल अभिषेक आदि किया।

### हरिपुर आफताब नगर में तिरंगे के अपमान का मामला आया सामने

# शिक्षकों ने स्कूल के अंदर ही किया झंडा वंदन, बीआरसी जारी करेंगे नोटिस

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



जिन शिक्षकों के द्वारा ज्ञान दिया जाता है उनमें से ही कुछ शिक्षकों के द्वारा अज्ञानता का परिचय दिया गया है । स्वतंत्रता दिवस पर जाएं झंडावंदन खुले आसमान में होना था पर ऐसा ना करते हुए जिसमें हरिपुर आफताब नगर स्कूल के प्रभारी के द्वारा स्कूल के कक्षा के अंदर ही झंडा लगाने का कार्य किया है कक्षा के अंदर झंडा लगा हुआ है पास में कुर्सी पर शिक्षक बैठे हुए हैं ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है। या फिर कहें ज्ञान देने वालों के द्वारा तिरंगे का अपमान किया है। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा जगत में चर्चा का विषय बन गया है बी आर सी के द्वारा देश के तिरंगे से जुड़ा हुआ वीडियो वायरल होने के बाद हरिपुर के शाला प्रभारी को नोटिस जारी करके जवाब मांगने की बात कही है।

15 अगस्त पर जहां सभी जगह तिरंगा आसमान में लहरा रहा था वही हरिपुर आफताब नगर के स्कूल में बारिश में भीगने से बचने के लिए षाला प्रभारी दीवान सिंह ने खुले में झंडावंदन करने की जगह पर स्कूल के अंदर ही झंडा लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी जिसका वीडियो गांव के लोगों ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षक की मुश्किलें बढ़ गई है और बारिश होने का बहाना करके अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। खुलेआम देश के तिरंगे का अपमान करते हुए झंडा स्कूल के कक्ष में लगाकर प्रभारी कुर्सी पर बैठे हुए हैं यह वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है पर दोपहर मेट्रो इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल के शिक्षकों के द्वारा जानबूझकर तिरंगे का अपमान किया गया है बच्चों ने भी बताया कि बारिश होने पर शिक्षकों ने स्कूल के अंदर ही झंडा वंदन कर दिया वहीं कहने के लिए तो यहां पर दो शिक्षक हैं दोनों ही काफी सीनियर है इसके बाद भी शिक्षा के मंदिर में तिरंगे को आसमान में लहराने की जगह पर कक्षा के अंदर ही करके अपमान करने का काम किया है । ग्रामीण शिक्षकों ने शिक्षकों की मनमर्जी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया अब जवाब देते नहीं बन रहा है गांव के कमर सिंह ने बताया कि एक तो हमारे स्कूल में शिक्षक आते ही नहीं है आते हैं तो एक मोबाइल चलाने में बिजी रहते हैं दूसरे की जमीन गांव के पास में ही होने के कारण वहां उसी में व्यस्त रहते हैं 15 अगस्त के दिन जहां झंडा वंदन के नाम पर तिरंगे का अपमान किया है शिक्षकों ने स्कूल के कक्षा के अंदर ही झंडा लगा दिया किसी को नहीं बुलाया खुले आसमान में तिरंगा लहराना था पर ऐसा नहीं किया गया है । दोनों शिक्षकों पर तिरंगे के अपमान पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी ग्रामीणों के द्वारा की गई है। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षक बारिश का बहाना करके अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। दूसरी ओर तिरंगे के अपमान का मामला सामने आने के बाद बी आर सी ओमप्रकाश रघुवंशी के द्वारा षाला प्रभारी दीवान सिंह को नोटिस जारी करके वीडियो के संबंध में से स्पष्टीकरण लेने तथा झंडा बंधन के लिए जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। वहीं प्रधानमंत्री ने हर घर में तिरंगा लहराने की अपील की थी स्वतंत्रता दिवस के दिन सरकारी भवनों और स्कूलों में शान से तिरंगा लहराकर आजादी के पर्व को मनाया गया था दूसरी ओर एक सरकारी स्कूल में शिक्षकों द्वारा तिरंगे का अपमान किया गया है । 15 अगस्त के दिन ग्राम हरिपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर आफताप नगर में प्राचार्य दीवान सिंह ने ध्वजारोहण भवन के ऊपर नही बल्कि जमीन पर ही कर दिया इस मामले की जानकारी किसी को ना लगे।

### मोटी तनख्वाह लेते हैं नहीं पढ़ते हैं बच्चों को

मोटी वेतन लेने वाले हरिपुर आफताब नगर स्कूल में दो सीनियर शिक्षक तैनात है इनके द्वारा बच्चों को पढ़ने में भी लापरवाही बढ़ती जाती है । इसके कारण ग्रामीणों के बच्चे शहर में पढ़ने को मजबूर है। ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाते हुए बताया कि दो में से एक शिक्षक स्कूल में आते है वह पूरे समय मोबाइल चलाने में लगे रहते हैं एक शिक्षक अपनी खेती संभाले में लगे रहे थे। बच्चों को शिक्षित करने का काम नहीं करते इस वजह से हम लोग अपने बच्चों के शहर के निजी स्कूल में पढ़ने को मजबूर हैं स्कूल में बहुत कम संख्या में बच्चे जाते हैं यह हाल तो शहर से चंद किलोमीटर की दूरी पर हो रहा है अंदर वाले स्कूलों के हाल क्या होंगे इसका अंदाजा भी लगाया जा सकता है ।

**इनका कहना है -**

*नोटिस जारी करके हरिपुर आफताब नगर के षाला प्रभारी दीवान सिंह से जवाब मांगा जाएगा इसके साथ ही सीनियर अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।*

***ओम प्रकाश रघुवंशी** बीआरसी।*

## वक्फ बोर्ड के सदस्यों का सराहनीय कार्य, करोड़ों की बेशकीमती भूमि का फोती नामंतरण का प्रयास विफल

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



कस्बा सिरोंज में स्थित वक्फीयॉ संपत्ति खानगाह व मजार मुस्तफा शाह की करोड़ो की संपत्ति लगभग 189 बीघा कृषि भूमि का गुप चुप तरीके से फोती नामांरण कराने का प्रयास वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर संवर पटेल,सीईओ डॉ गजाला परवीन एवं जिला वक्फ कमेटी के से सचिव डॉ रजी खान एवं एडवोकेट शोएब खांन के हस्ताक्षेप के बाद विफल हो गया है तहसीलदार सिरोंज ने उक्त नामांतरण का आवेदन खारिज कर दिया जिससे वक्फ की करोड़ो की संपत्ति खुर्द बुर्द होने से बच गई।

जानकारी देते हुए वक्फ बोर्ड की और से इस प्रकरण में नियुक्त अधिवक्ता शोएब खान ने बताया कि युसूफ जहां एवं मसूद जहां दो महिलाओं ने बासौदा रोड स्थित वक्फ की बेशकीमती करोड़ो की कृषि भूमि पर अपना हक बताकर न्यायालय तहसीलदार सिरोंज के समक्ष नामांतरण हेतु आवेदन किया था जिस पर सक्रियता दिखाते हुए जिला वक्फ कमेटी के सह सचिव एवं पूर्व तहसील वक्फ कमेटी अध्यक्ष डॉ.रजी खान ने तहसीलदार के समक्ष अपनी आपत्ति पेश करते हुए उक्त भूमि को वक्फ की भूमि होना बताकर दस्तावेज प्रस्तुत किए थे साथ ही वक्फ बोर्ड चौयरमेन डॉ सनवर पटेल एवं वक्फ बोर्ड सीईओ को भी तत्काल अवगत कराते हुए इस प्रकरण में आव्यशक दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही थी जिसको गंभीरता से लेते हुए वक्फ बोर्ड के चौयरमेन डॉ.सनवर पटेल ने तत्काल आव्यशक कार्यवाही करते हुए बोर्ड से जरूरी दस्तावेज एवं शासन की गाइड लाइन न्यायालय तहसीलदार सिरोंज को प्रस्तुत करवाई ताकि वक्फ की संपत्ति खुर्द बुर्द न हो सकें जिसके बाद सामने आए तथ्यों को देखते हुए तहसीलदार सिरोंज ने उक्त दोनो महिलाओं द्वारा अधिवक्ता दीपेश राजपूत के माध्यम से प्रस्तुत फोती नामांरण के आवेदन को खारिज कर दिया साथ ही नामांरण कराने वाली महिलाओं के द्वारा लगाए गए अपने पिता एवं पूर्वजों के मृत्यु प्रमाण पत्रों में अंकित मृत्यु दिनांक को भी आदेश में संदेहस्पद बताया । फोती नामांतरण निरस्त होने से वक्फ की करोड़ो की भूमि खुर्द बुर्द होने से बची।

**पूर्व में कई वक्फ कई संपत्तियों को लोग कब्जा कर बेच चुके है** - ज्ञात हो की सिरोंज में पूर्व कमेटियों के ढीले रवैये के कारण कई वक्फिया संपत्तियों पर कब्जा कर बेच चुके है या जिन्हें बक्फ की संपत्ति का मुतवल्ली बनाया था, उन्होंने अपने नाम कर सस्ते दामों पर मुसलमानों द्वारा गरीबों के लाभ के लिये दान दी हुई बेच दी।

**कहाँ से आई वक्फ की संपत्ति** - वक्फ की संपत्ति किसी सरकार या निजी नागरिक की नहीं यह संपत्ति लोगों द्वारा गरीबों की मदद के लिये दी हुई संपत्ति है जिसका लोगों ने गलत उपयोग कर या तो बेंच दी या अभी भी कब्जा कर रहा है इसको भी कब्जा मुक्त कराने की आवश्कता है।

## दीपनाखेड़ा में 1 बजे के बाद पेट्रोल नहीं देने पर दो महिलाओं और एक युवक ने, कर्मचारियों के साथ की मारपीट

**सिरोंज।** पेट्रोल नहीं देने पर खुलेआम धमकी देने का वीडियो समाने आया है जिसमें दो महिला और एक युवक कर्मचारियों को धमकी देता हुआ नजर आ रहा है। मामला



दीपना खेड़ा में संचालित होने वाले सोनम कृषि सेवा केंद्र के पेट्रोल पंप का है युवक एवं दो महिलाएं रात 1रू बजे के करीब पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए पहुंची तो कर्मचारियों ने रात में पेट्रोल देने से मना किया इससे गुस्सा आए युवक और महिलाओं ने कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए पेट्रोल नहीं देने पर मारपीट करने की धमकी भी दे डाली काफी देर तक गाली गलौज करने का वीडियो भी सामने आया है। रविवार को पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट तथा जबरन पेट्रोल की मांग की दबंगई करने की कोशिश की करने वालों पर दीपनाखेड़ा थाने में आवेदन दिया पर पुलिस ने अभी कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप पर दो महिलाओं और एक युवक में पहुंचकर हंगामा किया है पेट्रोल कर्मचारियों ने आवेदन दिया है उसकी जांच कर रहे हैं।

## विभागों के अधिकारियों को निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**सिरोंज।** सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज आवेदनों के निराकरण की प्रदेश स्तरीय सोमवार 19 अगस्त को जारी जिले वार रैंकिंग सूची में विदिशा जिला 6 वें स्थान पर है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विभागीय जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि निराकरण कार्यों में तेजी लाएं ताकि जिला ऊपरी शिखर पायदान पर अंतिम सूची जारी तिथी को दर्ज हो सकें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार 19 अगस्त को जारी हुई जिलों की रैंकिंग सूची के संदर्भ में बताया कि विदिशा जिले में जुलाई माह की दर्ज कुल 10 हजार 423 शिकायतों में से अब तक 45.9 प्रतिशत शिकायतों का समाधान संतुष्टि पूर्वक किया गया है। जबकि पचास दिवस से अधिक दिनों की शिकायतों में से 12.02 प्रतिशत निराकृत हुई हैं। इसी प्रकार निम्न गुणवत्ता स्टार की शिकायतों के निराकरण मामलों में 9.67 प्रतिशत अंक हासिल किए गए हैं। नॉन अटेंडेंट शिकायत के वेटेज स्कोर दस प्रतिशत में से 9.83 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण शिकायतों हेतु दर्ज कुल 100 प्रतिशत स्कोर में से विदिशा जिले के द्वारा 77.42 प्रतिशत अंक हासिल किए गए हैं।गौरतलब हो कि सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के आधार पर प्रदेश के 55 जिलों को एक और बी समूह में विभक्त किया जाता है। ए- ग्रुप में ज्यादातर ऐसे जिले शामिल किए जाते हैं। जिन जिलों में शिकायत अधिक प्राप्त होती हैं। विदिशा जिला प्रदेश के एक ग्रुप जिलों में शामिल है। सोमवार को जारी सूची तदानुसार ए ग्रुप जिलों में विदिशा द्वितीय स्थान पर है। जबकि ओवरऑल 55 जिलों की रैंकिंग सूची में 6 वें स्थान पर है। प्रदेश स्तरीय जिलों की फायनल ग्रेडिंग रैंकिंग सूची 21 अगस्त को जारी होगी।

**मेट्रो एंकर**

### कृषि उप संचालक ने चेतावनी दी, सिरोंज में फसलों पर बुरा प्रभाव

# कीटनाशक विक्रेताओं को नोटिस, नकली दवा बेचने पर कार्रवाई

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को अवकाश होने के बावजूद किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक विदिशा ने समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश जारी किए हैं कि कीटनाशक का विक्रय करने के दौरान किसानों को बिल एवं उचित दवाओं का विक्रय करने संबंधी ध्यान रखें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक विदिशा ने समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश जारी करते हुए कार्रवाई की बात कही है। इस दौरान उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि जिले में सोयाबीन, धान, उडद, मूंग, मक्का, ज्वार आदि की फसलें बोई गई है, जिनमें विभिन्न प्रकार की कीट एवं रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। जिसमें आपके द्वारा कृषकों को कीटनाशक औषधियों प्रदाय की जाती। लेकिन कीटनाशक विक्रेताओं के द्वारा किसानों को पक्का बिल न देकर केवल रसीद ही दी जाती है। कृषकों के द्वारा फसल में कीटनाशक औषधियों से नुकसान होने के उपरांत शिकायत की जा रही है। जिसको लेकर लगातार मीडिया के माध्यम से खबरें भी प्रकाशित हो रही हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए लिखा है कि फसल अनुसार कीट रोग व्यादि हेतु अनुशंसित औषधियों प्रदाय की जाकर कृषकों अनिवार्य रूप से पक्का बिल दें। अन्यथा आपके विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक अधिनियम 1971 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दुकानों में नहीं मूल्य सूची, रसीद भी नहीं देतेः कीटनाशक बेचने वाले दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने विभागीय निर्देश के बाद भी दवाओं की मूल्य सूची नहीं लगाई है। जिससे



दवा के सही कीमत का पता नहीं चलता है। जब किसान दुकान पर पहुंचते हैं तो उनसे मनमानी कीमत वसूल लिया जाता है। दुकानदार दवाओं की बिक्री करते समय किसानों को रसीद भी नही देते हैं। इससे गुणवत्ताहीन दवाओं की बिक्री को बढ़ावा मिल रहा है। जिस तरह से गांव-गांव से कीटनाशक दवाओं को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उससे इन आशंकाओं को बल मिल रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सिर्फ नोटिस ताकि कार्रवाई सीमित रखते हैं। लगातार देखा जा रहा है कि शिकायतों के बाद भी सिर्फ नोटिस जारी होते हैं लेकिन अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।

### अब नकली दवा विक्रेताओं की खैर नहीं

नकली एवं बिना लाइसेंस के दवा बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली, रविवार होने के बावजूद भी शहर की कई दुकान बंद रही तो कुछ दुकानदारों ने दुकान तो खोली लेकिन दुकानों के बाहर प्रचार प्रसार की सामग्री नहीं रखी, तो कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के काउंटरों पर बिल कट्टे रखे हुए भी दिखाई दिए। जबकि अभी तक किसानों को कई दुकानदार दवा विक्रय के बदले में बिल भी नहीं दे रहे थे। जिसको लेकर कई बार बाद विवाद की स्थिति भी देखने को मिली है। आदेश के बाद से ही अब नकली दवा विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। वहीं किसानों का कहना है कि कई बार दवा छिड़काव के बावजूद भी इल्ली खेतों में अभी भी बरकरार है, जिसके कारण लगातार फसलों को नुकसान हो रहा है। कृषि विभाग के इस पत्र के बाद से ही दुकानदार हरकत में आ गए हैं। वही जैसे ही अवकाश खत्म होते हैं बड़े स्तर पर कार्रवाई भी देखने को मिल सकती है।

**इनका कहना है -**

*कई बार दुकानदारों पर कार्रवाही का दिलासा दिलाया जा चुका है पर कोई कार्रवाही नहीं होती नहीं कोई दुकानदार पक्का बिल देता सारा कारोबार पर्चियों पर ही चल रहा है, अगर पक्का बिल मांगते है तो दुकानदार सामान देने से ही मना कर देते है।*

***ताहिर खांन** किसान*

*हमने किसानों के हित में कीटनाशक विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जरूरी दवाएं विक्रय करने एवं नकली दवा ना रखने के लिए निर्देश जारी किए हैं, साथ ही तहसील स्तर पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।*

***केएस खपेड़िया,** उपसंचालक कृषि विभाग विदिशा।*

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./989, 1003/तशा/प.यं./2024 दिनांक : 16.08.2024
प्रेस विज्ञप्ति
इस कार्यालय द्वारा भोपाल एवं गुना जिले में निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2024_MPPHC_363553_1, 2024_MPPHC_364285_1, दिनांक 27.08.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/115965/2024 परियोजना यंत्री

### विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित

# भारत के ग्रुप में श्रीलंका व वेस्टइंडीज मलेशिया के 4 मैदानों पर होंगे 41 मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (बीसीसीआई) ने विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित कर दिया है। डिफेंडिंग चैंपियन टीम इंडिया के ग्रुप में श्रीलंका, वेस्टइंडीज और मेजबान मलेशिया को रखा गया। मलेशिया के 4 स्टेडियम में टूर्नामेंट के 41 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 18 जनवरी 2025 से शुरू होगा। पिछली बार की तरह की इस बार भी 16 टीमें हिस्सा लेंगी, 2 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।

## बायुमास ओवल में ग्रुप-ए के सभी मैच

सेलान्गोर के बायुमास ओवल मैदान पर ग्रुप ए के सभी मैच होंगे। टीम इंडिया भी ग्रुप ए का ही हिस्सा हैं। ग्रुप-ए के अलावा यहां फाइनल भी खेला जाएगा। डाटो में बने डॉक्टर हरिजीत सिंह जोहर क्रिकेट एकेडेमी के स्टेडियम में ग्रुप बी के सभी मैच होंगे। सारावाक के बोरनिओ क्रिकेट ग्राउंड पर ग्रुप सी और सेलान्गोर के ही यूकेएम वीएसडी ओवल स्टेडियम में ग्रुप डी के मैच होंगे।




## समोआ टीम खेलेगी पहला ग्रुप कप

जूनियर से लेकर सीनियर लेवल तक समोआ टीम पहली बार ही किसी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी। उन्हें ग्रुप -सी में न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और अफ्रीकन क्वालिफायर टीम के साथ रखा गया है। ग्रुप-ए में शामिल मलेशिया का भी यह पहला ही विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप रहेगा। ग्रुप-बी में पिछली रनर-अप टीम इंग्लैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका को रखा गया है। जबकि ग्रुप-डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशिया क्वालिफायर की टीम रहेगी।

## भारत ने इंग्लैंड को हरा जीता था खिताब

विमेंस क्रिकेट में अंडर-19 वर्ल्ड कप का कॉन्सेप्ट 2023 से ही लागू हुआ। तब साउथ अफ्रीका में खेले गए टूर्नामेंट को इंडिया विमेंस टीम ने जीता था। शेफाली वर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 68 रन पर ही समेट दिया था। भारत ने फिर 14 ओवर में महज 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया था। विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप टी-20 फॉर्मेट में होता है, जबकि मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप वनडे फॉर्मेट में खेला जाता है। मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप पहली बार 1988 में हुआ, 1998 से टूर्नामेंट हर 2 साल में होता है। इसी तरह विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप भी 2023 से हर 2 साल में होगा।

## अगले साल 19 जनवरी 2025 को पहला मैच खेलेगी टीम इंडिया

16 टीमों के बीच 16 वॉर्म-अप मैच 13 जनवरी 2025 से ही शुरू हो जाएंगे। वॉर्म-अप मैच 16 जनवरी 2025 तक चलेंगे, 17 जनवरी 2025 को ब्रेक रहेगा। फिर 18 जनवरी 2025 को ओपनिंग डे पर ही 6 मैच खेले जाएंगे। हालांकि, इंडिया विमेंस टीम अपना पहला मैच 19 जनवरी 2025 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी।

## ग्रुप के बाद होगा सुपर-6 स्टेज

हर ग्रुप में 4-4 टीमें हैं, ग्रुप स्टेज में सभी टीमें 3-3 मैच खेलेंगी। पिछली बार की तरह इस बार भी सुपर-6 स्टेज होगा, हर ग्रुप की 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 स्टेज में एंट्री करेंगी। सुपर-6 स्टेज 25 जनवरी से शुरू होगा। यहां 2 ग्रुप में कुल 12 टीमें रहेंगी, हर ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच 30 और 31 जनवरी को 2 सेमीफाइनल खेले जाएंगे। जिनकी विजेता टीमों के बीच 2 फरवरी को फाइनल होगा।

### स्पेनिश ला लीगा के इस सीजन में विजयी आगाज

# लेवांदोवस्की के दो गोल, बार्सिलोना ने नए मैनेजर को दिया जीत का तोहफा



**वेलेंसिया. एजेंसी**

बार्सिलोना ने स्पेनिश ला लीगा के इस सीजन में विजयी आगाज किया। रॉबर्ट लेवांदोवस्की के दो गोल की बदौलत बार्सिलोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराया। इसके साथ ही बार्सिलोना ने अपने नए मैनेजर हैंसी फ्लिक को जीत का तोहफा दिया। फ्लिक ने जावी हर्नांदेज की जगह यह पद संभाला है। मैच के बाद फ्लिक ने कहा, जीत के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। हमने पहले हाफ में कुछ गलतियां की थी, लेकिन दूसरे हाफ में उन्हें सुधार लिया। लेवांदोवस्की ने मैच में हमारी वापसी कराई। 44वें मिनट में वेलेंसिया ने ह्यूगो डूरो के गोल से 1-0 की बढ़त बनाई। लेवांदोवस्की ने कुछ ही देर में बराबरी का गोल कर दिया। फिर दूसरे हाफ में उन्होंने पेनल्टी पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

## पिता अस्पताल में फिर भी खेलने उतरे यमाल

बार्सिलोना के युवा स्टार लामिने यमाल के पिता पर हाल में कुछ अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद से वे अस्पताल में भर्ती हैं। इसके बावजूद यमाल खेलने उतरे। लेवांदोवस्की ने यमाल के पास पर ही बराबरी का गोल दागा।

## कुश्ती: अमन विश्व रैंकिंग में दूसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान अमन सहरावत यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की ओर से जारी 57 किग्रा वर्ग की रैंकिंग में 51, 600 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पेरिस में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पहलवान थे। वहीं, जापान जापान के रेई हिगुची 59,000 प्वाइंट के साथ शीर्ष स्थान पर हैं।



## मेट्रो बाजार

# रोजगार: महिलाओं में बेरोजगारी बढ़ी पर स्थायी नौकरियां भी बढ़ीं

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के कारखानों में काम करने वाले या ज्यादातर ब्लू-कॉलर वर्कर्स का वेतन 20,000 रुपए प्रति माह या इससे कम है। हायरिंग प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 57.6 फीसदी श्रमिकों का मासिक वेतन 20,000 रुपए है। ये श्रमिक वित्तीय तनाव, आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं 29.34 फीसदी ब्लू-कॉलर वर्कर्स का वेतन 20,000-40,000 रुपए प्रति माह है। वहीं वुमन एंड मैन इन इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतर महिलाएं एग्रीकल्चर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम करती हैं, जहां उन्हें पुरुषों के मुकाबले काफी कम वेतन मिलता है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रेल-जून) में शहरी इलाकों में नियमित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की संख्या 2023-24 की मार्च तिमाही के मुकाबले बढ़ी है। साथ ही बेरोजगारी दर में भी इजाफा हुआ है। कामकाजी महिलाओं में नियमित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी 52.3 फीसदी से बढ़कर 54 फीसदी हो गई। हालांकि, कामकाजी व नौकरी की तलाश कर रही महिलाओं की संख्या घटी है। मार्च तिमाही में महिलाओं की श्रम बल में हिस्सेदारी बढ़कर 25.6 फीसदी पर पहुंच गई थी जो जून तिमाही में घटकर 25.2 फीसदी पर आ गई। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून तिमाही में घटकर 6.6 फीसदी रही, हालांकि महिलाओं की बेरोजगारी दर 8.5 फीसदी से बढ़कर 9 फीसदी हो गई।



## ग्लोबल फंड मैनेजर्स के लिए जापान और भारत सबसे पसंदीदा स्टॉक मार्केट

**मुंबई. एजेंसी**

अमरीका में मंदी की आशंका खत्म होने और जापानी करेंसी येन में गिरावट आने से पिछले एक सप्ताह में जापान-भारत-अमरीका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी आई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजारों के लिए बुरा दौर लगभग खत्म हो गया है। इस हफ्ते भारत सहित अधिकतर शेयर बाजारों में तेजी जारी रहने रकी उम्मीद है। इस हफ्ते विदेशी बाजार भारतीय शेयर बाजार को दिशा देंगे। ब्रोकरेज फर्म बोफा सिक्योरिटीज के मुताबिक, ग्लोबल फंड मैनेजरों के लिए जापान और भारतीय स्टॉक मार्केट सबसे पसंदीदा हैं। 39 फीसदी फंड मैनेजर्स भारतीय बाजार में तेजी के लेकर ओवरवेट हैं। जबकि चीन के लेकर वे निराशावादी हैं। उनका मानना है कि चीनी शेयर बाजार और गिर सकते हैं।

### निशानेबाजी टीम कोच पद के लिए आवेदन, ब्रिटेन के दिग्गज डबल ट्रैप निशानेबाज है पीटर विल्सन

# भारतीयों को ट्रेनिंग देना चाहते हैं दिग्गज शूटर विल्सन

**नई दिल्ली. एजेंसी**

ग्रेट ब्रिटेन के महान डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र में डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने विल्सन की देख रेख में हाल ही में पेरिस ओलंपिक में ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने शीर्ष स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में अपने देश के 12 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। इस 37 वर्षीय निशानेबाज के नाम डबल ट्रैप में विश्व रेकॉर्ड है।

## जवाब का इंतजार है

विल्सन ने कहा, मैंने अपना 'बायोडाटा' भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) को भेज दिया है और मुझे अब उनके जवाब का इंतजार है। उन्होंने कहा, मैं सीनियर टीम के साथ काम करके उन्हें लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों और जूनियर टीम को अगले आठ से 12 वर्षों के लिए तैयार करना चाहता हूं।

## लंबे समय से कोच नहीं

भारत के पास लंबे समय से विदेशी ट्रैप कोच नहीं है। पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले अधिकतर भारतीय निशानेबाजों ने निजी कोच की मदद ली थी। इटली के मार्सेलो ड्राडी भारत के अंतिम ट्रैप कोच थे।



## अंडर-20 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में उतरेंगे 43 भारतीय

**नई दिल्ली. एजेंसी**

पेरू के लीमा में 27 अगस्त से शुरू होने वाली अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का 43 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। इस चैंपियनशिप में 134 टीमों के 1700 एथलीट हिस्सा लेंगे। 27 से 31 अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट भी शिरकत करेंगे। इनमें दक्षिण अफ्रीका के ब्रैडली नकोआना और बेयंदा वालजा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। 2020 में कोलंबिया में हुई विश्व चैंपियनशिप में भारत ने 2 रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया था।

## 39 सदस्यीय भारतीय टीम चीन रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने अगले साल अपनी मेजबानी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों का मजबूत पूल तैयार करने के इरादे से अपनी 39 सदस्यीय टीम चीन भेजी है। यह टीम चीन के चेंगदू में 20 से 25 अगस्त तक होने वाली बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग

# फुलहम को 1-0 से हराया, जिर्कजी ने दागा विजयी गोल

**मैनचेस्टर, एजेंसी**



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रिटेन के ओल्ड ट्रैफर्ड में फुलहम के खिलाफ 1-0 की रोमांचक जीत के साथ अपने इंग्लिश प्रीमियर लीग अभियान की शुरुआत की। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पदार्पण करने वाले जोशुआ जिर्कजी ने एकमात्र गोल दागा। जिर्कजी ने मैच के 87वें मिनट में गोल किया। जीत के बावजूद उसके पूर्व डिफेंडर गैरी नेविल ने टीम के प्रदर्शन पर सवाल उठाए। नेविल ने कहा, टीम पूरे मैच में लय हासिल करने को संघर्ष करती दिखी। एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि टीम बड़े अंतर से जीतेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • महिला कलाकारों को कंगना ने दी नई सीख

# 'कोई भी खान, कुमार या फिर कपूर आपको सफल नहीं बना सकता'




अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रणौत अक्सर अपने बेबाक बयानों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। मुखर अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी आने वाली फिल्म %इमरजेंसी% के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में एक बातचीत में, अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्होंने फेयरनेस क्रीम ब्रांड्स से करोड़ों के विज्ञापन सौदे ठुकरा दिए और खान के साथ काम करने के ऑफर को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वह दूसरी भूमिका नहीं निभाना चाहती थीं। उनका लक्ष्य यह साबित करना है कि बॉलीवुड के खान पर निर्भर हुए बिना भी एक महिला कलाकार का करियर फल-फूल सकता है। हाल ही में, राज शमनी से बात करते हुए कंगना ने कहा, मैंने 10-15 करोड़ रुपये के सौदे ठुकरा दिए हैं क्योंकि वे फेयरनेस क्रीम का विज्ञापन करते हैं। मैं शुरू से ही ऐसी थी, सफल होने से पहले भी। मैंने बॉलीवुड के खान के साथ फिल्में ठुकराई हैं। लेकिन मैं बता दूं कि सभी खान मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया है, लेकिन खान उनमें से नहीं थे।

### • अभिनेता ने किया चौंकाने वाला खुलासा

# 'मुझे फिल्मों से हटना है', रिया के शो में भावुक हुए आमिर खान



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले सुपरस्टार आमिर खान कई बार फिल्मों से संन्यास लेने का संकेत दे चुके हैं और अक्सर वे इस बारे में बात भी करते नजर आए हैं। वहीं एक बार फिर खुलकर आमिर खान ने फिल्मों से दूरी बनाने के बारे में बात की। ऐसा लगता है कि बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इस समय अपने जीवन के उस पड़ाव पर हैं, जहां वे फिल्म उद्योग में सक्रिय रूप से काम नहीं करना चाहते हैं। दरअसल, रविवार को अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने अपने पॉडकास्ट 'चैप्टर 2' के आगामी एपिसोड का टीजर जारी किया। प्रोमो में आमिर खान और रिया के बीच बातचीत देखने को मिली। इस दौरान उन्होंने अपने स्टारडम के बारे में बात करने से लेकर फिल्मों पर विस्तार से चर्चा की। आमिर को रिया के साथ बात करते हुए कई विषयों पर अपने दिल की बात कहते हुए देखा गया। प्रोमो की शुरुआत रिया द्वारा सुपरस्टार की तारीफ करने से होती है, जिसमें वे उनके अच्छे लुक्स की तारीफ करती हैं। आमिर ने कहा, मुझे फिल्मों से हटाना है। जवाब में रिया ने कहा, 'झूठ' तो इस पर आमिर ने जवाब दिया, नहीं मैं सच बोल रहा हूं। एक समय पर आमिर भावुक भी हो गए। उन्हें आंसू बहाते और कुछ कहने से पहले रुकते हुए देखा गया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, वहां से मेरा चैप्टर 2 शुरू हुआ... 2022 में फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की। एक कार्यक्रम में आमिर ने बताया कि उन्हें लाल सिंह चड्ढा के बाद एक फिल्म की शूटिंग करनी थी, लेकिन उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया। जब मैं एक अभिनेता के तौर पर कोई फिल्म कर रहा होता हूं तो मैं इतना खो जाता हूं कि मेरे जीवन में कुछ और नहीं होता। लाल सिंह चड्ढा के बाद मैं 'चैंपियंस' नाम की फिल्म करने वाला था। इसकी पटकथा अद्भुत है, कहानी सुंदर है और यह बहुत ही दिल को छू लेने वाली और प्यारी फिल्म है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं एक ब्रेक लेना चाहता हूं और अपने परिवार, अपनी मां और अपने बच्चों के साथ रहना चाहता हूं।



### • 23 अगस्त को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी सीरीज

# उर्फी की सीरीज का ट्रेलर देख प्राइम वीडियो पर भड़के लोग, कहा- इतने बुरे दिन आ गए..

सीरीज 'फॉलो कर लो यार' का ट्रेलर वैसा ही है, जैसा उर्फी से जुड़े किसी कंटेंट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। यह सीरीज 23 अगस्त को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकीं उर्फी जावेद की जिंदगी पर प्राइम वीडियो एक सीरीज लेकर आ रहा है। बीते दिनों इसका एलान प्लेटफॉर्म की तरफ से किया गया था। सीरीज में कुल नौ एपिसोड होंगे और यह सीरीज इसी महीने रिलीज होगी। आज शुक्रवार को इस सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया है। अनस्क्रिप्टेड ओरिजिनल सीरीज का नाम 'फॉलो कर लो यार' है। इसमें उनके जीवन और संघर्ष की झलकियां दिखाई गई हैं। सीरीज 'फॉलो कर लो यार' का ट्रेलर वैसा ही है, जैसा उर्फी से जुड़े किसी कंटेंट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। इंडस्ट्री में आने और फिर यहां पैर जमाने के लिए उन्होंने क्या पैंतरे आजमाए और किन संघर्षों का सामना किया, यह ट्रेलर में दिखाया गया है। अमेजन प्राइम वीडियो के इंस्टाग्राम हैंडल से ट्रेलर जारी किया गया है। इसके साथ लिखा है, इंटरनेट पर बनाम इंटरनेट के बाहर की दुनिया...अंतर को करीब से देखें। यह सीरीज 23 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज को सोल प्रोडक्शंस की फाजिला अल्लाना और कामना मेनेजेस ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसका निर्देशन संदीप कुकरेजा ने किया है। सीरीज में उर्फी जावेद के परिवार के सदस्यों और इंडस्ट्री के उनके दोस्तों की झलक भी नजर आई है। उर्फी ट्रेलर में कहती नजर आती हैं, मैं या तो मर जाऊंगी या पागल कर दूंगी। वहीं उनकी मां यह कहती दिखी हैं कि उनका घर उर्फी के पैसों से चलता है। सीरीज में इंडस्ट्री में सभी स्टारकिड्स के फेवरेट बन चुके ओरी भी नजर आए हैं। इसके अलावा बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारुकी की झलक भी देखी गई है। उर्फी के ट्रेलर पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ उन्हें ट्रोल कर रहे हैं तो कुछ तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग उर्फी के साथ-साथ प्राइम वीडियो को ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, प्राइम वीडियो के इतने बुरे दिन आ गए क्या? एक अन्य यूजर ने लिखा, इसलिए मैंने प्राइम वीडियो का सब्सक्रिप्शन नहीं ले रखा। एक यूजर ने लिखा, प्राइम वीडियो की मेंबरशिप खत्म करता हूं।



# श्रद्धांजलि अर्पित की...



भोपाल के विट्टन मार्केट स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस दौरान मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पीसी शर्मा के साथ पार्षद योगेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# फर्जी पुलिस बनकर एमपी ऑनलाइन संचालक को चूना लगाने वाला पांच दिन की रिमांड पर

## पासपोर्ट साइज की फोटो बनवाए, खाते में दो अलग-अलग किश्तों में पांच हजार ट्रांसफर करने के बाद फरार हुआ था जालसाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित चर्च रोड, बोरवन स्कूल के पास एमपी आनलाइन की दुकान चलाने वाले को फर्जी पुलिसकर्मी ने पांच हजार रुपए का चूना लगाने वाले अलीम खान को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी की पांच दिन की रिमांड मांगी थी। पूछताछ के लिए पुलिस को पांच दिन की रिमांड मिली है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। रिमांड 24 अगस्त को खत्म होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र धाकड़ पिता उत्तम सिह धाकड़ (28) बोरवन स्कूल के पास, चर्च रोड जहांगीराबाद में रहते हैं और बोरवन स्कूल,चर्च रोड पर एमपी आनलाइन की दुकान चलाते हैं। गत 16 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे के आसपास उनकी दुकान पर एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में पहुंचा। उसने अपना नाम अलीम खान बताया। वर्दी पर नेम प्लेट पर अलीम खान-1561 लिखा हुआ था। उसने दुकानदार शैलेंद्र से कहा कि मेरी किश्त कटनी है। आप मुझे पांच हजार ट्रांसफर कर दो। बदले में केस पैमेंट कर दूंगा। इसके बाद अलीम खान ने अपने मोबाइल पर बारकोड के माध्यम से पहली बार में 2160 और एवं दूसरी बार मे 2780 रुपए ट्रांसफर कर दिए। शैलेंद्र ने उससे पैसे मांगे तो वह कहना लगा कि अभी कुछ देर में देता हूं और पास ही बैठ गया। बैठे-बैठे उसने पुलिस की वर्दी मे 8 पासपोट साईज के फोटो भी बनवा लिए।



### खाली पर्स-टोपी छोड़कर गया जालसाज

शैलेंद्र धाकड़ ने बताया कि वह दुकान पर लगभग 3-4 घंटे बैठा रहा और मोबाइल पर बातचीत करता रहा। दुकान पर काम होने के कारण शैलेंद्र व्यस्त हो गए। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपी वहां से भाग निकला। वह दुकान पर अपना पर्स व पुलिस की टोपी छोड़कर गया था। शैलेंद्र ने करीब तीस मिनट तक उसके आने का इंतजार किया, लेकिन वह नहीं लौटा। इसके बाद शैलेंद्र ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की।

### दो दिन बाद पुलिस ने इलाके में पकड़ा

जहांगीराबाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। 18 अगस्त की दोपहर करीब दो बजे के आसपास पुलिस को अलीम खान जिंसी चौराहा पर नजर आया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम अलीम खान बताया और पुलिस लाइन में आरक्षक बतौर पदस्थ होने की बात कही। हुलिया संदिग्ध लगने के कारण पुलिस उसे थाने लेकर पहुंची। उससे पांच हजार रुपए खाते में ट्रांसफर कराने की बात पूछी गई तो अलग-अलग कहानियां बनाने लगा। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कराने की बात स्वीकार ली। आरोपी की पहचान अलीम खान पिता सलामत खान (26) आलीवा?ा, थाना देवरी, जिला रायसेन हाल पता मतीन भाई का मकान जिगरा दूध डेरी के पास सोनिया गांधी कालोनी ऐशबाग के रूप में की गई। पुलिस का कहना है?कि आरोपी ने वर्दी की रौंब दिखाकर और भी लोगों से ठगी की वारदात की है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत, ठेकेदार पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित देव लोक फार्म के पास दानापानी रोड पर निर्माणाधीन मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई थी। घटना गत 19 जुलाई शुक्रवार दोपहर की है। पुलिस ने उक्त मामले में ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि तीसरी मंजिल पर छत की ढलाई चल रही थी और मजदूरों को सुरक्षा के लिहाज से कोई भी उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे। पुलिस के अनुसार मलखान सिंह पिता मुन्नालाल (40) मिलन गार्डन के पास रायसेन में रहता था और मजदूरी करता था। वह रायसेन से भोपाल अपडाउन करता था। शुक्रवार को भी वह भोपाल आया था और ठेकेदार असरफ आलम के कहने पर देव लोक फार्म के पास निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान में काम कर रहा था। शुक्रवार 19 जुलाई को तीसरी मंजिल की छत की ढलाई चल रही थी और मलखान ढलाई में काम कर रहा था। दोपहर करीब 3 बजे के आसपास ढलाई करते समय वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। लगभग 45 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। साथी मजदूर उसे लेकर एम्स पहुंचे वहां तीन घंटे चले इलाज के बाद शाम करीब 6 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की। जांच में पता चला कि तीसरी मंजिल पर ढलाई के दौरान मजदूरों को हेलमेट के अलावा सुरक्षा के लिहाज से जूते और कुछ भी मु ुहैया नहीं कराया गया था। साथ ही आसपास जाल भी नहीं लगाया गया था।

# सफाईकर्मी ने बेल्ट का फंदा बनाकर फांसी लगाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित बी सेक्टर पचास झुग्गी में सोमवार रात एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में भेज दिया था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि संजय तिपा बालादीन बमेले (22) पिपलानी थाने के सामने बी सेक्टर, पचास झुग्गी में रहता था और सफाईकर्मी का काम करता था। उसने अपना कमरा अलग बना रखा था, जबकि पड़ोस में परिवार रहता है। परिजन ने बताया कि संजय शराब पीने का आदी था और सोमवार शाम वह शराब के नशे में घर पहुंचा। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। रात करीब साढ़े 9 बजे उसे खाना खाने के लिए बुलाने पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि संजय ने बेल्ट से झुग्गी की बल्ली में फंदा बनाकर फांसी लगाई है। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से भी प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या की सही वजह सामने नहीं आई है।

# महिला को पक्ष में गवाही देने के लिए धमकाया, पति को डंडे से पीटा

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बिशनखेड़ी में रविवार रात एक बदमाश ने घर के पास रहने वाली महिला को अपने पक्ष में गवाही देने के लिए धमकी दे दी। महिला का पति जब बदमाश को समझाने पहुंचा तो आरोपी ने उसकी डंडे से पिटाई कर दी। दंपती ने आरोपी के खिलाफ थाने पहुंचकर शिकायत की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सीमा सूर्यवंशी पति मुकेश सूर्यवंशी (33) तलाई मोहल्ला, ग्राम बिशनखेडी, रातीबड़ में रहती है। वह गृहणी है। रविवार रात करीब आठ बजे वह घर पर अकेली थी। इस दौरान घर के सामने रहने वाला प्रकाश पहुंचा और कहने लगा कि तुम मेरे पक्ष मे गवाही देना गब्बर के पक्ष मे गवाही नहीं देना। सीमा ने कहा कि मुझे आप दोनो से कोई मतलब नही है। मैं किसी की गवाही नहीं दूगी। इस पर प्रकाश कहने लगा कि तुम्हे गवाही तो देनी पड़ेगी और गाली गलौच करते हुए अपने पक्ष में गवाही देने की बात कहने लगा। इसी बीच सीमा का पति मुकेश काम कर घर लौटा और उसने बोला कि क्या बात हो गई है। इतने में प्रकाश ने पास ही पड़े डंडे से पति पर हमला कर दिया। डंडे से मारपीट करने के कारण मुकेश को कंधे पर चोट आई है।

# खेत में चारा काटने की बात को लेकर विवाद, एक परिवार के दो पक्ष आमने-सामने

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव रमगड़ा में घांस काटने की बात को लेकर दो परिवार आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस विवाद में कुल्हाड़ी हाथ में लगने से एक पक्ष के अधेड़ उम्र के व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दया शंकर गुर्जर गांव रमगड़ा में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उनके खेत के बगल में बड़े भाई किशन लाल गुर्जर का खेत का है। दोनों परिवार में जमीन को लेकर पुराना विवाद है। सोमवार को उस समय विवाद हो गया, जब दोनों पक्ष खेत पर थे और घांस काट रहे थे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाया था कि तुम्हारे खेत में लगा घांस काट रहे है, जबकि उनका कहना था कि यह हमारे हिस्से में लगा हुआ है और हम मवेशियों के लिए घांस काट रहे हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे मामूली कहासुनी के बाद हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों ने एक दूसरे से मारपीट करते हुए डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया कुल्हाड़ी हाथ में लगने से दयाशंकर को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दयाशंकर के बेटे पर्वत सिंह की शिकायत पर गब्बर गर्जुर, राहुल गुर्जर और रामबाबू समेत अन्य पर प्रकरण दर्ज किया है।

# लोडिंग आटो ने बाइक सवार युवक को मारीटक्कर, मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सांई नर्सरी के पास सोमवार शाम तेज रफ्तार लोडिंग आटो ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। युवक को तत्काल पास ही निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडिंग वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कपिल दिलारे पिता शांतिलाल दिलारे (22) सांई बाबा नगर ई-6 जनता कॉलोनी, हबीबगंज में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता शांतिलाल मोची का काम करते हैं। परिजन ने बताया कि सोमवार शाम कपिल घर से बाइक में पेट्रोल भरवाने का कहकर निकला था। वह सांई नर्सरी के पास से गुजर रहा था, तभी शाम करीब सा? 7 बजे के आसपास सामने से आ रहे लोडिंग आटो ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने कपिल को निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

# वेल्डिंग करते समय करंट से झुलसा युवक, मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केकड़िया खुर्द में करंट से झुलसकर एक युवक की मौत हो गई। उसे वेल्डिंग करते समय करंट लगा था। दुकानदार उसे हजेला अस्पताल ले गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुकेश देवड़ा पिता भैरो सिंह देवड़ा (40) बावड़ीखेड़ा, रातीबड़ का था। वह निजी कॉलेज में नौकरी करता था। उसे फेब्रिकेशन का काम आता था और पार्ट टाइम पर फेब्रिकेशन का काम कर लिया करता था। उसकी ससुराल केकड़िया खुर्द में है। रक्षाबंधन पर वह पत्नी को मायके छोड़ने केकड़िया खुर्द गया था और वहीं गांव में एक परिचित दुकानदार के पास फेब्रिकेशन का काम करने लगा। दोपहर में काम करते समय वह उसे करंट का तगड़ा झटका लगा और दुकानदार उसे गंभीर अवस्था में हजेला अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने बताया कि मुकेश की मौत हो चुकी है।




**मेट्रो एंकर** | **बदमाश ने नाबालिग का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया**

# नाबालिग से दुष्कर्म, देह व्यापार का प्रयास दो महिलाएं गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। महिला थाना पुलिस की दो टीम अलग अलग टीम मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।



पुलिस के अनुसार एमपी नगर स्थित एक बस्ती में रहने वाली 17 साल की नाबालिग का करीब एक साल पहले मोहल्ले में रहने वाले राशिद कुरैशी से पहचान हुई। राशिद प्राइवेट काम करता है। नाबालिग को नहीं मालूम था कि वह शादीशुदा है। दोनों के बीच दोस्ती के बाद प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मार्च महीने में राशिद नाबालिग को पिपलानी स्थित भेल के खाली प? खंडहर में ले गया और वहां उससे दुष्कर्म किया। उस दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल पर नाबालिग का वीडियो बना लिया। पांच महीने में नाबालिग और राशिद कुरैशी के बीच कई बार शारीरिक संबंध बने। नाबालिग जब भी उसका विरोध करती वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे शारीरिक संबंध बना लेता था। आरोपी राशिद कुरैशी उक्त नाबालिग को पिपलानी इलाके के खंडहरों में कब्जा कर निवास करने वाली दो महिलाओं के पास लेकर जाता था। महिलाएं लोगों से पैसा लेकर अपने घर में जगह उपलब्ध कराती थीं।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कराना चाहता था देह व्यापार

नाबालिग ने आरोपी राशिद कुरैशी पर आरोप लगाया है कि वह उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह देह व्यापार कराने की कोशिश कर रहा था। वह उसे आरोपी महिलाओं के पास छोड़ जाता था। इनकार करने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। परेशान होकर नाबालिग ने महिलाओं के पास जाने से इंकार कर दिया। इससे गुस्साए बदमाश ने नाबालिग का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से दुखी होकर नाबालिग महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपी राशिद कुरैशी व दो महिलाओं के खिलाफ धारा 64(2), 144, 61, 351 (2), पॉक्सो एक्ट व आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022